सुविचार
उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो।

एक कदम सच्चाई की ओर...

# स्वर्णभूमि टाइम्स

दैनिक हिंदी समाचार-पत्र

पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर से प्रसारित
वर्ष 3 | अंक 28 | कुल पृष्ठ 8 | मूल्य ₹3 | TM No: PUNHIN01965/1373008/6749



महिलाएं घर पर रख सकती हैं कितना सोना?..07


लुधियाना, सोमवार
03 मार्च 2025

कियारा को चाहिए करीना कपूर जैसी बेटी..08

# पुलिस में 10 हजार नए पद होंगे: मान

## कहा-पंजाब की पवित्र धरती पर गैंगस्टरों, तस्करों के लिए कोई जगह नहीं

**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, होशियारपुर (दलजीत अजनोहा) :** पंजाब सरकार अब एक्शन मोड में है। एक तरफ जहां नशा तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है, वहीं युवाओं को नौकरियां देने से साथ ही विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को पंजाब के सीएम भगवंत मान होशियारपुर पहुंचे। उन्होंने जहान खेला में 2490 पुलिस मुलाजिम की पासिंग आउट परेड में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस में दस हजार नए पद सृजित होंगे। मान ने कहा कि यह भर्ती विभिन्न पदों पर होगी। इसके लिए जल्दी ही कैबिनेट मीटिंग में प्रस्ताव लाया जाएगा। वहीं सीएम ने कहा कि आज गैंगस्टर, अपराधी, चैन स्नैचर, लूट करने वालों को पता लग जाना चाहिए कि यह धरती इस



काम के लिए नहीं बनी है। यह धरती सारे देश को रोटी खिलाने वाली है। यह धरती शांति वाली है।

इस पवित्र धरती ने संत, पीर, शहीद, महान खिलाड़ी और जनरल पैदा किए हैं। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों की सरपरस्ती में तस्करों, गैंगस्टरों और अन्य अपराधियों ने राज्य को अपना अड्डा बना लिया था। भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार ने अब इन देश विरोधी तत्वों को नकेल डालने के लिए अभियान शुरू कर दिया है और ये जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। पंजाब सरकार ने राज्य में नशों के खिलाफ निर्णायक युद्ध छेड़ा हुआ है। नशों के खिलाफ बिल्कुल लिहाज न करने की नीति अपनाई है और आम जनता के सक्रिय सहयोग से पंजाब को पूरी तरह नशा मुक्त बनाया जाएगा।

सीएम ने कहा कि पासिंग आउट परेड में शामिल जवानों में 498 महिला सिपाही हैं। 2022 से अब तक 10,000 से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। पंजाब पुलिस का नाम देश की शीर्ष पुलिस फोर्सेज में शामिल होता है, इसलिए इसे लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। एक वर्ष पहले सड़क सुरक्षा बल गठित किया गया था, जिसे आधुनिक गाड़ियों और सभी आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में 48.10% की कमी आई है। केंद्रीय ट्रांसपोर्ट मंत्री नितिन गडकरी ने भी पंजाब पुलिस के इन प्रयासों की सराहना की है।

**नशे के खिलाफः** अभियान की रणनीति लंबे समय से तैयार की जा रही थी, जिसमें यह भी विचार किया गया कि इसके नकारात्मक प्रभाव क्या हो सकते हैं। नशा छोड़ने वाले जब तड़पेंगे, तो उन्हें कैसे संभाला जाएगा- इसके लिए पूरा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है। इसके लिए अब अभियान शुरू किया गया है।

# केंद्र सरकार भी नशे के खिलाफ एक्शन में

### 12 केसों में 29 को दिलाई सजा; 2 मामले पंजाब-चंडीगढ़ के : अमित शाह



**चंडीगढ़ :** पंजाब की सरकार के बाद अब केंद्र सरकार भी नशा तस्करों के खिलाफ एक्शन मोड में आ गई है। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने आज अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट डालकर दावा किया कि पैसे का लालच देकर युवाओं को नशे की खाई में धकेल रहे तस्करों के खिलाफ केंद्र सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि ऐसे 12 अलग-अलग मामलों में 29 लोगों को सजा दिलाई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार नशा मुक्त भारत के निर्माण के लिए जांच जारी रखेगी। अगर 12 मामलों की बात करें तो इनमें से दो मामले पंजाब और चंडीगढ़ से जुड़े हैं, जिनमें चार लोगों को सजा हुई है। ये दोनों मामले एनसीबी चंडीगढ़ की टीम ने सुलझाए हैं। इनमें से एक दोषी पुलिस का मुंशी भी है, जिसे सजा दिलाई गई है।

जानकारी के मुताबिक पहला मामला लुधियाना से जुड़ा है। एनसीबी चंडीगढ़ के अधिकारियों ने डीएचएल एक्सप्रेस, लुधियाना में 438 ग्राम अफीम से भरी दो हॉकी स्टिक वाले पार्सल को पकड़ा था। इस पार्सल की बुकिंग आरोपी नसीब सिंह ने की थी और बुकिंग के दौरान गोबिंद सिंह (जो पंजाब पुलिस का प्रमुख मुंशी था) उसके साथ था। इस संबंध में एनसीबी ने 2024 में एफआईआर नंबर 6 दर्ज की थी। इस मामले में लुधियाना की विशेष अदालत ने 31 जनवरी 2025 को फैसला सुनाया और नसीब सिंह व गोबिंद सिंह को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 18 (सी), 23, 28 और 29 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने दोनों को 3 साल की जेल और 10,000 रुपए जुर्माना (जुर्माना न भरने पर एक महीने की अतिरिक्त कैद) की सजा सुनाई।

## एक नजर

### जलगांव में केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़छाड़

**जलगांव :** महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जलगांव के मुक्ताई नगर इलाके में एक मेले के दौरान कुछ लड़कों ने केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़खानी की। मामले की शिकायत खुद मंत्री रक्षा खडसे ने मुक्ताई नगर थाने में की है। एसडीपीओ कृष्णत पिंगले ने बताया कि 28 फरवरी को कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके 7 दोस्तों ने 3-4 लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की। हमने पोस्को एक्ट के साथ-साथ आईटी (इन्फॉर्मेशन) एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें भेजी गई हैं।

### इजराइल ने गाजा में मानवीय मदद की एंट्री रोकी

**गाजा :** इजराइल ने रविवार को गाजा में जानी वाली मदद पर एंट्री बैन कर दी है। शनिवार को इजराइल और गाजा के बीच पहले फेज का सीजफायर खत्म हो गया। अगले फेज के लिए कोई सहमति न बनने के चलते इजराइल इससे पीछे हट गया है। इजराइली पीएम के ऑफिस ने इस फैसले को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी है लेकिन ये चेतावनी दी है कि अगर हमास सीजफायर जारी रखने के अमेरिकी प्रस्ताव को नहीं मानेगा तो उसे इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। दरअसल इजराइल ने अमेरिका समर्थित एक प्रस्ताव को अपनाने की बात कही थी जिसके तहत रमजान और पासओवर के दौरान सीजफायर जारी रखने की योजना थी। इसके बदले, गाजा में बचे हुए आधे बंधकों को रिहा करने की शर्त रखी गई थी।

# पीएम मोदी वनतारा का दौरा कर सोमनाथ पहुंचे

### सोमनाथ में 27 करोड़ रुपए से तैयार हाईटेक मार्केट का किया उद्घाटन

**जामनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर गुजरात पहुंचे हैं। रविवार सुबह करीब 11 बजे पीएम जामनगर में स्थित रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र 'वनतारा' पहुंचे। वनतारा का दौरा करने के बाद शाम करीब 5.00 बजे सोमनाथ पहुंचे। यहां प्रथम ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना करने के बाद 27 करोड़ रुपए से तैयार किए गए हाईटेक मार्केट का उद्घाटन किया। पीएम सोमवार सुबह 'गिर' फॉरेस्ट की सफारी करेंगे और इसके बाद नेशनल बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) बैठक की अध्यक्षता करेंगे।



पीएम मोदी का विमान शनिवार रात करीब 8.00 बजे जामनगर पहुंचे। एयरपोर्ट से जामनगर के पायलट हाउस तक करीब 5 किमी लंबा रोड शो किया। इस दौरान उनका स्वागत करने के लिए भारी संख्या में लोग जमा रहे। इसके बाद पीएम ने जामनगर के पायलट हाउस में ही रात्रि विश्राम किया। रविवार सुबह करीब 11 बजे पीएम जामनगर में स्थित रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र 'वनतारा' पहुंचे। गौरतलब है कि जामनगर में जानवरों के पुनर्वास के लिए बनाया गया 'वनतारा' दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। लायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन द्वारा वनतारा (स्टार ऑफ फॉरेस्ट) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत, घायल जानवरों का बचाव, उपचार, देखभाल और उनका पुनर्वास शामिल है। वनतारा रिलायंस के जामनगर स्थित रिफाइनरी परिसर के 3000 एकड़ ग्रीनबेल्ट में फैला हुआ है। वनतारा प्रोजेक्ट जानवरों को समर्पित अपनी तरह का देश का पहला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। इस पूरे इलाके को घने जंगल की तरह विकसित किया गया है।

### इमरान ने अमेरिका समेत दुनिया के देशों से मदद मांगी

**इस्लामाबाद :** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दुनिया के देशों और खासतौर पर अमेरिका से मदद मांगी है। इमरान ने लोकतंत्र और मानवाधिकारों के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जिम्मेदारी निभाने की अपील की है। इमरान ने टाइम मैगजीन में एक आर्टिकल में लिखा है। इसमें उन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प को जीत पर बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करेगा। साथ ही देश में चरमपंथ को बढ़ावा देने वाली ताकतों को रोकेगा। उन्होंने देश में लोकतंत्र के हालात पर चिंता करते हुए लिखा कि पाकिस्तान इतिहास के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है।

# पूर्व सेबी चीफ माधवी बुच पर एफआईआर का आदेश

**नई दिल्ली :** मुंबई की एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। शेयर मार्केट फ्रॉड और रेगुलेटरी वायलेशन यानी नियामक उल्लंघन के मामले में कोर्ट ने माधवी के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ भी केस दर्ज करने का आदेश दिया। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया है। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर एक



कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।

माधबी पुरी बुच 28 फरवरी को सेबी चीफ के पद से रिटायर हुई हैं। उनकी जगह केंद्र सरकार ने वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे को अगला सेबी प्रमुख नियुक्त किया है। तुहिन अगले 3 सालों के लिए इस पद पर रहेंगे।

# सोनू खत्री गैंग के 2 गैंगस्टरों का एनकाउंटर, एक की हालत गंभीर



### जम्मू पुलिस के सब-इंस्पेक्टर की हत्या में शामिल थे दोनों

**जालंधर :** पंजाब के जालंधर में सिटी पुलिस की टीम ने आज सुबह गैंगस्टर सोनू खत्री के दो गुर्गों का एनकाउंटर कर दिया। दोनों बदमाशों को गोलियां लगी हैं, जिसमें से एक की हालत गंभीर है। जालंधर की नई पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर के आने के बाद उनकी देखरेख में टीम ने जालंधर में ये पहला एनकाउंटर किया है। सिटी पुलिस की सीआईए स्टाफ की टीम द्वारा ये कार्रवाई सुच्ची पिंड श्मशान घाट के पास की गई इस कार्रवाई में जख्मी दोनों बदमाशों पर कई एफआईआर दर्ज हैं। जोकि पिछले काफी समय से छिप रहे थे। जालंधर सीआईए स्टाफ के इंचार्ज सुरिंदर सिंह कंबोज की टीम ने दोनों गैंगस्टरों को ट्रैक किया और अपनी उच्च अधिकारियों को बताकर आज सुबह एनकाउंटर कर दिया।

पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने कहा- दोनों आरोपी रामामंडी एरिया में किसी वारदात करने की फिराक में आए थे। सूचना के आधार पर दोनों को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया। आरोपियों की के नाम सुखविंदर सिंह और हरप्रीत सिंह है।

पिछले साल अप्रैल माह में एक जम्मू पुलिस के सब इंस्पेक्टर की हत्या मामले में दोनों आरोपी वांछित थे। साथ ही सुखविंदर सिंह पर पहले भी कई प्राइमरी केस दर्ज हैं। सीपी धनप्रीत कौर ने कहा- दोनों तरफ से करीब 20 गोलियां चलाई गईं। जिसके बाद उन्हें राउंडअप किया गया। दोनों पिछले काफी समय से जालंधर सिटी के एरिया में एक्टिव थे।

# उत्तराखंड एवलांच : ड्रोन-थर्मल कैमरे से सर्चिंग, 8 मजदूरों की मौत

**चमोली :** उत्तराखंड के चमोली में 28 फरवरी को आए एवलांच में फंसे मजदूरों को निकालने का काम तीसरे दिन भी जारी है। डिफेंस पीआरओ ने बताया कि अब तक 54 लोगों में से 54 लोगों को निकाला जा चुका है, इनमें से 8 की मौत हो चुकी है। हादसे के दूसरे दिन 17 लोगों को निकाला गया, जबकि बीते दिन 33 लोगों निकाले गए थे। इनमें से चार लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। आज 4 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। एक मजदूर की तलाश जारी है। ड्रोन, रडार सिस्टम, स्निफर डॉग, विक्टिम लोकेटिंग और थर्मल इमेज कैमरे से सर्चिंग की जा रही है। 7 हेलिकॉप्टर भी लगाए गए हैं।

आर्मी और वायुसेना के अलावा आईटीबीपी, बीआरओ, एसडीआरएफ और एनजीआफएफ के 200 से ज्यादा जवान भी घटनास्थल पर बर्फ की मैनुअल खुदाई करके लापता मजदूर की तलाश में लगे हुए हैं। पहले लापता मजदूरों की संख्या 55 बताई गई थी, लेकिन शनिवार को पता चला कि एक मजदूर बिना बताए कैंप से अपने गांव चला गया था। हादसा चमोली के माणा गांव में 28 फरवरी की सुबह



7:15 बजे हुआ। मोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के मजदूर कंटेनर हाउस में रुके थे, तभी बर्फ का पहाड़ खिसक गया। सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गए।

45 मजदूरों को जोशीमठ के आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। एक मजदूर की हालात गंभीर होने के बाद उसे ऋषिकेश एआईआईएमएस रेफर किया गया है। जोशीमठ आर्मी हॉस्पिटल में पैनलिस्ट डॉक्टरों की टीम सभी मजदूरों का इलाज कर रही है। जिनको सर्जिकल स्पेशलिस्ट डॉक्टर अंकित मिश्रा लीड कर रहे हैं। जोशीमठ आर्मी हॉस्पिटल में मेजर अमित कुमार मिश्रा ने कहा, 'अभी हमारे पास 45 मरीज हैं। इनमें से 3 गंभीर हैं। इसमें से एक को लीवर में चोट आई है। खून का रिसाव हो रहा है उसको हमने मैनेज किया। अभी उनकी स्थिति ठीक है। अगर इलाज के लिए आगे भेजना होगा तो हम भेजेंगे। अभी सभी खतरे से बाहर है।'हादसे में जो 54 मजदूर फंसे थे, उनमें बिहार के 11, उत्तर प्रदेश के 11, उत्तराखंड के 11, हिमाचल प्रदेश के 6, जम्मू-कश्मीर के 1 और पंजाब के 1 मजदूर शामिल है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिन घटनास्थल का दौरा किया और मजदूरों से मुलाकात की।

# मायावती ने भतीजे आकाश को महासचिव पद से भी हटाया



### कहा-जीते-जी अपना उत्तराधिकारी नहीं बनाऊंगी

**लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद से सभी जिम्मेदारियां छीन ली हैं। एक साल में दूसरी बार आकाश आनंद को उत्तराधिकारी और नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया है। उन्होंने कहा- जीते जी किसी को भी अपना उत्तराधिकारी घोषित नहीं करूंगी। मायावती ने यह ऐलान रविवार को लखनऊ में बसपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में किया। मायावती ने दो नए नेशनल को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। आकाश के पिता आनंद कुमार और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक में बसपा के कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुए। आकाश आनंद मीटिंग में नहीं पहुंचे थे। पहले मंच पर दो कुर्सियां लगाई गई थीं, लेकिन बाद में एक कुर्सी हटा ली गई।

बसपा ने 10 दिसंबर 2023 को यूपी-उत्तराखंड के नेताओं की बैठक बुलाई थी। इसमें मायावती ने अपने सबसे छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी घोषित किया था। पार्टी की विरासत और राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने भतीजे पर विश्वास जताया था। 07 मई, 2024 को आकाश की गलतबयानी की वजह से मायावती ने उनसे सभी जिम्मेदारियां छीन ली थीं। आकाश को अपने उत्तराधिकारी पद के साथ ही नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से भी हटा दिया था। मायावती ने कहा था कि आकाश अभी इम्मैच्योर हैं।

# रूस से युद्ध रोकने का प्लान बनाएंगे यूक्रेन-ब्रिटेन-फ्रांस

### ब्रिटिश पीएम बोले- ये प्लान अमेरिका के सामने रखेंगे, ट्रम्प की सुरक्षा गारंटी जरूरी

**लंदन :** ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन मिलकर रूस-यूक्रेन जंग को रोकने के प्लान पर काम करने के लिए राजी हुए हैं। ये प्लान अमेरिका के सामने रखा जाएगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के ब्रिटेन दौरे पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इसकी जानकारी दी है। स्टार्मर ने लंदन में यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट बुलाई है। जेलेंस्की इस बैठक में शामिल होंगे। बैठक से पहले स्टार्मर ने कहा कि व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति से जेलेंस्की की बहस के बाद चारों देशों के नेताओं की बातचीत में इस प्लान का जिक्र हुआ।

स्टार्मर ने कहा कि उन्हें यकीन है ट्रम्प यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि ये प्लान तभी काम करेगा जब अमेरिका अपनी सुरक्षा गारंटी पर टिका रहेगा। जेलेंस्की शनिवार को इंग्लैंड पहुंचे तो ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जेलेंस्की का गले लगाकर स्वागत किया। सड़कों पर लोगों ने जोरदार नारों के साथ जेलेंस्की का स्वागत किया गया।

स्टार्मर ने जेलेंस्की से कहा कि आपको पूरे ब्रिटेन का सपोर्ट हासिल है। हम आपके और यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें कितना भी वक्त क्यों न लग जाए। जेलेंस्की ने इस सपोर्ट के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। लंदन में यूरोपीय देशों की एक समिट होनी है। इस समिट में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली समेत 13 देश शामिल होंगे। साथ ही नाटो के महासचिव और यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट भी शामिल होंगे।


ब्रिटेन ने यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया। इसके लिए शनिवार को ब्रिटिश पीएम स्टार्मर और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समझौते पर साइन किए। द कीव पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक इस लोन को जी7 देशों की एक्सट्रा-ऑर्डिनरी रेवन्यू एक्सीलरेशन पहल के तहत दिया गया है। इस लोन का इस्तेमाल यूक्रेन के जरूरी हथियार खरीदने में किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में जी7 देशों ने यूक्रेन को 50 बिलियन डॉलर यानी 4.3 लाख करोड़ रुपए की मदद देने का वादा किया था।

यूक्रेन के सपोर्ट के मुद्दे पर यूरोपियन यूनियन के अंदर भी दरार नजर आ रही है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का कहना है कि वो यूक्रेन को आर्थिक और सैन्य तौर पर मदद नहीं देंगे। यूक्रेन कभी भी सैन्य ताकत के दम पर रूस को बातचीत के टेबल पर नहीं ला पाएगा। इससे पहले हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने भी जेलेंस्की के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का सपोर्ट किया है। व्हाइट हाउस में दोनों के बीच हुई बहस के बाद उन्होंने ट्रम्प को मजबूत और जेलेंस्की को कमजोर कहा था। उन्होंने ट्रम्प का धन्यवाद भी किया था।



# 9 दिन से टनल में फंसे मजदूरों के लिए रेस्क्यू जारी

**नागरकुर्नूल :** तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल में फंसे 8 मजदूरों के रेस्क्यू ऑपरेशन का रविवार को 9वां दिन है। 22 फरवरी को सुरंग का एक हिस्सा ढहने के बाद से बचाव कार्य जारी है। बीते 9 दिनों में फंसे मजदूरों से संपर्क नहीं हो सका है। टनल में पानी, कीचड़ और ढेर सारे मलबे के कारण रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आ रही हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन में सेना, एनडीआरडी, एसडीआरएफ समेत 11 एजेंसियां जुटी हुई हैं। इधर घटना को लेकर राजनीति भी जारी है। भाजपा विधायकों ने टनल का दौरा किया। एमएलए महेश्वर रेड्डी ने कहा- यह दुर्घटना मौजूदा और पहले की सरकारों के गलत मैनेजमेंट का



नतीजा है। लापरवाही के कारण यह आपदा आई।

भाजपा विधायक पायल शंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टनल की घटना पर नजर बनाए हुए हैं। सभी जरूरी सहायता मुहैया कराई गई है। हमें उम्मीद है कि अंदर फंसे आठ लोग सुरक्षित बाहर निकल आएंगे। शनिवार को तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी, मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी और मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने सुरंग का दौरा किया था। इसके बाद सभी ने रेस्क्यू में जुटे अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी।

मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा कि मजदूरों के बचाने का प्रयास जारी है। हमें विश्वास है कि रविवार तक हम चार लोगों को बचा लेंगे, जिनकी पहचान हो चुकी है। एम्बुलेंस को मौके पर तैनात किया गया है। सेना की मेडिकल टीमें भी मौजूद हैं।

## उपायुक्त ने पत्नी के साथ न्यू कोर्ट रोड हिन्दू विद्यालय में किया मतदान



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, सोनीपत (जयबीर सिंह)**: नगर निगम मेयर उप-चुनाव के लिए रविवार को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने अपनी पत्नी डॉ. निधि के साथ न्यू कोर्ट रोड पर हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाये गए बूथ पर पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सामान्य मतदाता की तरह बूथ पर लगी लाईन में खड़े होकर मतदान किया। नगर निगम मेयर उपचुनाव में उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में मतदान किया। अत्यधिक व्यस्तताओं व जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने मतदान के लिए समय निकाला। मतदान करने के उपरांत उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का सर्वाधिक महत्व है। हर मतदाता को अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदान करने के बाद उपायुक्त ने संदेश दिया कि मतदान करने का दिन हर मतदाता के लिए सौभाग्यशाली दिन होता है क्योंकि इसी दिन वह अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करते हुए अपने पंसद के उम्मीदवार को चुनता है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को अपने घर से निकलकर अपने वोट डालना चाहिए, ताकि देश का लोकतंत्र और अधिक मजबूत हो सके।

## रायपुररानी अस्पताल में दो गुटों के बीच मारपीट, वीडियो वायरल



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, रायपुररानी (देवेन्द्र सिंह)**: रायपुररानी के सरकारी अस्पताल में गांव शाहपुर के दो गुटों के बीच जबरदस्त मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, दोनों पक्ष पहले गांव में आपस में भिड़ चुके थे और मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन वहां आमना-सामना होते ही विवाद फिर बढ़ गया और दोनों पक्षों में जमकर लड़ाई हुई। बता दें कि घटना शनिवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच की बताई जा रही है। इस मारपीट में करीब 10 से 12 लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें पंचकूला के अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, अस्पताल में हंगामे की सूचना मिलते ही डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। इस दौरान थाना प्रभारी सोमबीर ढाका ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष ने पुलिस में औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करवाई है। अस्पताल में हुई इस लड़ाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल जैसी जगह पर इस तरह की घटनाएं बेहद निंदनीय हैं और प्रशासन को इस पर सख्त कदम उठाने चाहिए।

## नारी शक्ति सेवा सम्मान से विभूषित होंगी हिमशिखा व एकजोत कौर



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, कुरुक्षेत्र (एकता दुग्गल)**: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र के शिव मंदिर प्रांगण में नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्र को समर्पित करीब दो दर्जन महिलाओं को नारी शक्ति सेवा सम्मान से विभूषित किया जाएगा। इनमें हरियाणा सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार एवं रोजाना देश सेवक की कुरुक्षेत्र ब्यूरो प्रमुख हिमशिखा, दैनिक हरियाणा वाटिका की कुरुक्षेत्र ब्यूरो प्रमुख एकजोत कौर, प्रोफेसर सुशीला चौहान, राजकुमारी पंवार, ज्योति रोहिल्ला, डॉ. नीतू बाला, अंजलि शर्मा, कंचन बाला, डॉ. कान्ता वर्मा, पिंकी श्योराण, सुषमा चौधरी, रजवंत कौर, मोनिका भाटिया, आरती, रजनी बाला, नवीन और सुरेखा आदि विशेष रूप से शामिल हैं। इनके अतिरिक्त जीवनपर्यन्त समाज के लिए तत्पर सेवाभावी सूरज कमल सेठ और डॉ. एम एम सिंह को आजीवन सेवा सम्मान से सुशोभित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ही स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

## कैंटर की सीधी टक्कर से व्यक्ति की मौत

**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, सोनीपत (जयबीर सिंह)** : राई-लिवान रोड पर कैंटर की सीधी टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुचना के बाद पहुंची थाना राई पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। दिल्ली निवासी गंगाराम (42) एचएसआईडीसी राई में गांव लहराड़ा निवासी प्रवीन की किरयाना दुकान पर काम करते थे। राई-लिवान रोड पर प्रवीन की एक अन्य दुकान भी थी । गंगाराम अपने दुसरे साथी सूरज के साथ एचएसआईडीसी राई वाली दुकान के लिए राई-लिवान रोड स्थित दुकान कुछ सामान लेने के लिए गए थे। इसी दौरान कैंटर ने उनको सीधी टक्कर मार दी। सूरज ने जाकर प्रवीन को हादसे की सूचना दी। प्रवीन तुरंत मौके पर पहुंचे तथा गंगाराम को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# निकाय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म, रिजल्ट 12 मार्च को

**चंडीगढ़** : हरियाणा में 9 नगर निगम समेत 40 निकायों के लिए रविवार को वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के मुताबिक 6 बजे तक प्रदेश में लगभग 45.7% वोटिंग हुई है। रोहतक में भाजपा-कांग्रेस समर्थकों में झड़प को छोड़कर अधिकतर जगह मतदान शांतिपूर्वक रहा। 6 जिलों में ईवीएम खराब होने की शिकायत आई, लेकिन मशीन बदलने के बाद यहां मतदान शुरू हो गया। झज्जर के बेरी में 3 लोग फर्जी मतदान करते पकड़े गए। कई जिलों में बोगस वोटिंग को लेकर हंगामा हुआ। हिसार में फर्जी वोटरों को पकड़ने की कोशिश की गई तो वे पोलिंग बूथ की दीवार फांदकर भाग गए। अब ईवीएम सील कर स्ट्रॉन्ग रूम में रखवा दी गई हैं। 12 मार्च को नतीजे आएंगे। 9 मार्च को पानीपत नगर निगम चुनाव के लिए वोटिंग होगी।

रोहतक के वार्ड 16 में भारतीय कन्या स्कूल में बनाए गए बूथ के अंदर मेयर वोटिंग की ईवीएम मशीन खराब हो गई। मतदाता शमी ने बताया कि पहले 2 मशीनें लाई गईं, लेकिन वह खराब निकलीं, तीसरी मशीन इनके पास नहीं है। इस वजह से यहां मतदान लेट हुआ। गुरुग्राम में भी ईवीएम में खराब हो गई। यहां करीब एक घंटे वोटिंग बंद रही। नूंह में तावडू नगर पालिका चुनाव बूथ पर ईवीएम मशीन बंद हो गई। यहां करीब सवा घंटे बाद दूसरी मशीन से मतदान शुरू कराया गया। फतेहाबाद में जाखल के वार्ड-4 में अध्यक्ष पद को लेकर लगाई गई ईवीएम मशीन करीब एक घंटे खराब रही। इसके बाद चुनावकर्मियों ने इसे बदलकर वोटिंग शुरू कराई। झज्जर में बेरी के वार्ड नंबर 14 में 10 मिनट तक ईवीएम खराब रही। हिसार के अर्बन एस्टेट में बनाए गए बूथ नंबर 145 में शाम को 4 बजे ईवीएम खराब हो गई। यहां ढाई घंटे मतदान रुका रहा। कई लोग बिना वोट डाले ही लौट गए।

करनाल से कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार मनोज वधवा की पत्नी आशा वधवा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस समर्थित वोटरों को मतदान करने से रोका गया। कई जगहों पर वोटर लिस्ट में मतदाताओं के नाम ही गायब कर दिए गए। इस संबंध में उन्होंने जिला सचिवालय पहुंचकर एडीसी एवं निर्वाचन अधिकारी यश जालुका से शिकायत की। वार्ड नंबर बदलने के कारण भी वोटर परेशान होते रहे। उन्होंने कहा कि कोई कर्मचारी नहीं बता रहा है कि कहां वोट करना है। जिसके चलते परेशान होते रहे और समय पर वोट नहीं डाल पाए। हिसार में बूथ नंबर 145 में भाजपा के 2 बूथ अध्यक्ष वोटर लिस्ट लेकर मतदान केंद्र में घुस गए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने बहसबाजी की। उन्होंने पुलिस से कहा कि हम बूथ अध्यक्ष हैं, पार्टी ने ड्यूटी लगाई है। पुलिस ने उनसे कहा कि आप ऐसे अंदर नहीं जा सकते। पार्टी के एजेंट या उम्मीदवार को ही अंदर रहने की अनुमति होती है।

## विदेश भेजने के नाम पर करीब 23 लाख रुपये की धोखाधडी करने का आरोपी गिरफ्तार



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, कुरुक्षेत्र (हरिदास)**: जिला पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्गदर्शन में आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के आरोप में मोहित चड्डा उर्फ़ अमनदीप वासी खरड मोहाली हाल वासी बंसत पुंज नई दिल्ली को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 3 जनवरी 2024 को गोपाल राम वासी खेडी रामनगर कुरुक्षेत्र ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने भतीजे को विदेश भेजना चाहता था। इसके लिए उसकी मुलकात मलखान सिंह ने विदेश भेजने का काम करने वाले मोहित चड्डा उर्फ़ अमनदीप से करवाई। उसने कहा कि वो उसके भतीजे को 15 लाख रुपये में वर्क वीजा पर एक महीने में विदेश कनेडा भेज देंगे। उन्होंने कहा कि आधे रुपये पहले और बाकी के पैसे बाद में देने होंगे। इसके बाद उसने आरोपियों द्वारा मांगे गये कागजात दे दिए। उसके बाद उसने अपने मामा के लडके के कागजात भी उसको विदेश भेजने के लिए दे दिए । इसके बाद आरोपी ने उसको बताया कि दिल्ली में जी-20 की मीटिंग की वजह से उसका काम नही हो पायेगा तथा उसे कलकत्ता बुलाया । दिनांक 5 सितम्बर 23 को वह अपने साथ दोनों लडको को लेकर कलकत्ता पहुंचा जहांपर आरोपियों ने उसके कुछ कागजात पर हस्ताक्षर करवाये व फोटो तथा आधार कार्ड ले लिए । आरोपी ने उसको बताया कि अपने खाते में 15/15 लाख रुपये जमा करवा लें और उनके पास एम्बेसी से कॉल आयेगी। कलकत्ता से वापस आने के बाद उन्होंने अपने खाते चैक किये तो उनके खाते से करीब 23.5 लाख रूपये निकाल लिए गये। अब आरोपी ना तो पैसे वापस कर रहे हैं और ना ही उनको विदेश भेज रहे हैं । जिसकी शिकायत पर थाना शहर थानेसर में धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज करके जांच की गई। बाद में मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा द्वारा की गई। 1 मार्च को आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार व पीएसआई संजीव कुमार की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी मोहित चड्डा उर्फ़ अमनदीप वासी दर्पण ग्रीन खरड मोहाली हाल वासी बंसत पुंज नई दिल्ली को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 3 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## अनियमित जीवनशैली और बढ़ते नशे के कारण तेजी से बढ़ रही लीवर रोगों की समस्या : डॉ. राजेश



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, कुरुक्षेत्र (एकता दुग्गल)**: डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा गांव तिगरी खालसा के सामुदायिक केंद्र में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के डॉ राजेश कुमार ने कहा कि लीवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो भोजन को पचाने, विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और ऊर्जा संचित करने में सहायता करता है। हाल के वर्षों में अस्वस्थ खानपान, अनियमित जीवनशैली और बढ़ते नशे के कारण लीवर रोगों की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसके सामान्य लक्षण पेट के दाईं ओर ऊपरी हिस्से में दर्द या सूजन, भूख न लगना और लगातार कमजोरी महसूस होना, पीलिया, मतली और उल्टी आना, पेशाब का गहरा रंग और मल का हल्का रंग होना, शरीर में खुजली और सूजन हैं। उन्होंने बताया कि अनियंत्रित वजन घटने या बढ़ने की समस्या प्रमुख कारण अधिक तली-भुनी, वसायुक्त और जंक फूड का सेवन, शराब और नशे का सेवन होता है। अत्यधिक शराब पीने से लीवर सिरोसिस हो सकता है। अत्यधिक वजन और ब्लड शुगर का असंतुलन लीवर को नुकसान पहुंचा सकता है। डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित 1983वें निशुल्क कैंप में 144 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। सरपंच परमजीत ने डॉ. हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ राजेश कुमार एम.डी.मेडिसिन, डॉ संजय शर्मा बीएएमएस और डॉ प्रीति का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में सुशील पंच, रामसरण नंबरदार, कली राम, अनिल, राजबीर, अमित पंच, शमशेर, महावीर, मोनिका कोआर्डिनेटर अंजू आदि मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर समाप्त



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, कुरुक्षेत्र (हरिदास)**: जिला रेडक्रॉस सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि जिला भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल व उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा श्री कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिला के 9 महाविद्यालयों के 100 छात्र व छात्राएं एवं काउंसलर ने भाग लिया। रेडक्रॉस सचिव डा. सुनील कुमार ने कहा कि इस शिविर में गुलशन कुमार ग्रोवर व निरुपमा भट्टी द्वारा विधिवत रूप योगा बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कुमारी किरण कश्यप,लेक्चरर द्वारा सी.पी.आर. के माध्यम से कैसे कृत्रिम श्वास दे कर किसी अनजान व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है बारे में प्रैक्टिकल रूप में समझाया गया। फायर मेन गुरप्रीत सिंह द्वारा आग लग जाने पर हमें क्या सावधानी बरतनी चाहिए और कैसे आग लगने पर काबू पाया जा सकता हैं इस अवस्था में हमे फोन नंबर का पता होना जरूरी है बारे जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि डा. अशोक कुमार वर्मा द्वारा नशे जैसी बीमारी से कैसे बचा जा सकता है इस बुराई को मिटाने के लिए युवाओं की अहम भूमिका होती है। सूबेदार रविन्द्र कौशिक द्वारा रोड सेफ्टी विषय पर प्रकाश डाला गया और मोबाईल फोन का उपयोग करते समय हमें क्या सावधानी बरतने की आवश्यकता है हेलमेट का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। संरक्षण अधिकारी सविता राणा ने साईबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस शिविर में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें आल ओवर टीम का खिताब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र को मिला।

## बोर्ड परीक्षाओं को लेकर डीसी डॉ. मनोज कुमार ने की ऑनलाइन मीटिंग



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, सोनीपत (जयबीर सिंह)**: उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता में रविवार को एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। जिसमे हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षा के लिए नियुक्त सभी केंद्र अधीक्षकों एवं मुख्य अधीक्षकों ने भाग लिया।


बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि परीक्षा को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ आयोजित करवाने के लिए परीक्षा में तैनाम सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा की पवित्रता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा प्रक्रिया को अनुशासनबद्ध और निष्पक्ष रूप से संचालित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों से यह अपेक्षा की गई कि वे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने में योगदान दें। प्रशासन परीक्षा प्रक्रिया को सुरक्षित और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें सभी संबंधित पक्षों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा करता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी परीक्षा के दौरान नकल या अन्य अनुचित साधनों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा ताकि परीक्षाएं सुचारू रूप से और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो सकें।

जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने सभी अधिकारियों को सख्ती से निर्देशों का पालन करने के लिए कहा। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

## नवयुग स्कूल में सेल्फी पॉइंट मतदाताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा









**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, कुरुक्षेत्र (एकता दुग्गल)**: नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर में नगर परिषद चुनाव के लिए बने मतदान केंद्र पर लगा सेल्फी पॉइंट विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मतदान करने वाले प्रत्येक मतदाता ने इस सेल्फी पॉइंट पर अपनी सेल्फी ली।यह सेल्फी पॉइंट विशेष रूप से मतदाताओं के लिए ही लगाया गया था, ताकि वे आज के अनुभव को यादगार बना सकें। मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ रणबीर कौर एवं सीमा ने बताया कि सभी मतदाताओं ने सेल्फी पॉइंट पर अपनी सेल्फी ली और इस सेल्फी पॉइंट की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधक कमेटी द्वारा की गई इस व्यवस्था के लिए धन्यवाद भी दिया। विद्यालय के डायरेक्टर बी.डी. गाबा ने बताया कि आज के समय में सेल्फी पॉइंट वास्तव में सभी को आकर्षित करते हैं और लोग सेल्फी लेकर खुद को गौरवान्वित अनुभव करते हैं। अक्सर देखा जाता है कि युवा और बच्चे सेल्फी लेकर बहुत प्रसन्न होते हैं, तो फिर बुजुर्गों को भी यह आनंद प्राप्त होना चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर सेल्फी पॉइंट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही उन्होंने मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि लोग मतदान की महत्ता को समझे, मतदान हमारा अधिकार है। यही एक ऐसा अधिकार जो हर वर्ग, समाज, गरीब, अमीर सबके लिए समान है। इसकी गरिमा को समझे और अपने मताधिकार का उपयोग कर राष्ट्र को सशक्त बनाए।

## लाभ देने का ढिंढोरा पीट रही सरकार मजदूरों को कल्याण बोर्ड से कर रही है बाहर : सुखबीर सिंह



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, फतेहाबाद (जगतार सिंह)**: भवन निर्माण कामगार यूनियन का 9वां सम्मेलन आज जिला प्रधान जागीर सिंह व उपप्रधान धर्मपाल जांडली खुर्द की अध्यक्षता में हुई। सम्मेलन का संचालन जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा व सहसचिव मुकेश कुमार ने किया। बैठक में 3 मार्च को श्रम मंत्री कार्यालय पर किए जाने वाले आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और निर्र्णय लिया गया कि इस सम्मेलन में जिला फतेहाबाद से काफी संख्या में निर्माण मजदूर भाग लेंगे। सम्मेलन में 13 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें से 12 स्थान भर लिए गए एक स्थान खाली रखा है। इसमें जिला प्रधान जागीर सिंह, जिला सचिव ओम प्रकाश अनेजा, जिला कैशियर मुकेश कुमार को सर्व समिति से चुना गया।

बैठक को संबोधित करते हुए बात भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य अध्यक्ष सुखबीर सिंह व जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने कहा कि राज्य सरकार अपने को दलितों व पिछड़ों का हितैषी होने का दावा करती है, जबकि उनके हकों पर डाका डालने का काम राज्य व देश की सरकार के रही है। उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है, आए दिन दलित, मजदूर, पिछड़ा वर्ग विरोधी फैसला लिए जा रहे हैं। हाल ही निर्माण मजदूरों का पंजीकरण ब्लॉक करना, पहले भी समय पर सुविधाएं ना देना, लाभ के लिए दर दर भटकने को मजबूर करना सीधे तौर पर प्रदेश सरकार के मजदूरों के रुख के बारे में को साबित करता है। उन्होंने कहा कि सरकार के मजदूर विरोधी रुख के खिलाफ हरियाणा के निर्माण मजदूर 4 मार्च को श्रम मंत्री कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। सम्मेलन को सीटू जिला कैशियर बेगराज, किसान सभा उपप्रधान रामस्वरूप, आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान शीला शक्करपुरा, मिड डे मील जिला प्रधान गगनदीप कौर, मदन सिंह, संतराम अहरवां, संदीप सहनाल, धर्मपाल जांडली खुर्द, प्रमोद ढाणी डुल्ट आदि ने संबोधित किया।

# स्पोर्ट्स

## चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया

### सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला, न्यूजीलैंड साउथ अफ्रीका से खेलेगी







**दुबई** : भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को 44 रन से हराया। रविवार को 250 रन का टारगेट चेज कर रही न्यूजीलैंड 45.3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट झटके। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। केन विलियम्सन ने सबसे ज्यादा 81 रन बनाए। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी। भारतीय टीम 50 ओवर में 8 विकेट पर 249 रन ही बना सकी। श्रेयस अय्यर ने 79 रन बनाए। न्यूजीलैंड से मैट हेनरी ने 5 विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप-ए में टॉप पोजिशन के साथ फिनिश किया है यानी कि भारत का सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से होगा। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमें खेलेंगी।

## विदर्भ फिर बना रणजी ट्रॉफी चैंपियन, फाइनल मैच ड्रॉ रहा

### केरल के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीत तय हुई





**नई दिल्ली** : विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 का खिताब जीत लिया है। विदर्भ और केरल के बीच फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहा। पहली पारी की लीड के आधार पर विदर्भ को चैंपियन घोषित किया गया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। केरल ने इसके जवाब में 342 रन बनाए। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 37 रन की बढ़त मिली। विदर्भ ने मैच के पांचवे दिन तक दूसरी पारी में 9 विकेट के नुकसान पर 375 रन बनाए और केरल को खेलने के लिए बुलाए बिना ही मैच ड्रॉ करने का ऐलान किया गया।

विदर्भ की टीम ने तीसरी बार रणजी ट्रॉफी का टाइटल जीता है। इससे पहले टीम ने 2017-18 और 2018-19 में यह खिताब जीता था। उन्होंने 2017 में दिल्ली और 2018 में सौराष्ट्र को हराया था। वहीं टीम 2023-24 में उपविजेता रही थी। जिसमें मुंबई ने उन्हें फाइनल में मात दी थी। केरल क्रिकेट टीम पहली बार फाइनल में पहुंची थी।

विदर्भ ने आज सुबह 249/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 126 रन जोड़े और 5 विकेट गंवा दिए। दानिश मालेवार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने विदर्भ के लिए पहली पारी में 153 और दूसरी में 73 रन बनाए। टीम के लिए दूसरी पारी में करुण नायर ने 135 रन बनाए। दर्शन नालकांडे ने नाबाद 51 रन की पारी खेली।

रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन विदर्भ से करुण नायर ने शतक लगा दिया। दानिश मालेवार 73 रन बनाकर आउट हुए। स्टंप्स तक दूसरी पारी में विदर्भ ने 4 विकेट खोकर 249 रन बना लिए हैं। टीम ने 286 रन की बढ़त बना ली है। शुक्रवार को मुकाबले के तीसरे दिन केरल की टीम स्टंप्स तक 342 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम ने 131/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था। कप्तान सचिन बेबी ने 98 रन बनाए। नागपुर के वीसीए स्टेडियम में विदर्भ को पहली पारी में 37 रन की बढ़त मिली। टीम से दर्शन नालकंडे, हर्ष दुबे और पार्थ रेखडे ने 3-3 विकेट लिए। पहली पारी में दानिश मालेवार ने शतक लगाया था।

# शिव वैल्फेयर सोसायटी द्वारा 17वां विशाल भंडारा आज



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (विक्रम सैनी)**: शिव वैल्फेयर सोसायटी द्वारा 17वा विशाल भंडारा 3 मार्च दिन सोमवार को रेलवे स्टेशन के सामने रेखी सिनेमा चौक में लगने जा रहा है, जिसकी तैयारियां मुकम्मल हो चुकी हैं। यह जानकारी सोसायटी के प्रधान बिट्टू गुंबर, राजू गुंबर, कमल शर्मा, जतिंदर सिंह बंटी, प्रमोद शर्मा ने दर्शन लाल बवेजा, विपन सूद काका, सुरिंदर नैय्यर बिट्टू, संजीव सूद बांका, हिमांशु क्वात्रा, विकास गोयल विक्की को भंडारे का निमंत्रण देने के बाद तैयारियों संबंधी बैठक को संबोधित करते हुए दी। दर्शन लाल बवेजा, विपन सूद काका, सुरिंदर नैय्यर बिट्टू ने कहा कि भोले बाबा भंडारा लगाने वालों के भंडारे भरते हैं। हिमांशु क्वात्रा,विकास गोयल विक्की, संजीव सूद बांका ने लगने जा रहे विशाल भंडारे की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों की समाज को आज जरूरत है,क्योंकि ऐसे धार्मिक कार्य प्रेम बांटते हैं। इसके साथ राजू गुंबर, ईशान गुंबर, रोहित गुंबर ने बताया कि आज सुबह 10 बजे शिव पूजन होगा। इसके साथ 12 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा चलेगा। इसके साथ प्रसिद्ध गायक राजू मान एंड पार्टी भगवान भोलेनाथ जी का गुणगान करेंगे।साथ सुरिन्द्र बावा मंच संचालन करेंगे।

# 10 मार्च का श्याम भक्त पलके बिछा कर रहे हैं इंतजार

## मंदिर मार्ग को विभिन्न प्रकार के इत्रों का छिड़काव कर किया जायेगा सुगंधित : प्रदीप मित्तल











**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (ब्यूरो)**: चंडीगढ़ रोड कोहाड़ा चौंक के समीप नवनिर्मित श्री खाटू श्याम मंदिर के 6 मार्च से शुरू होने वाले मूर्ति स्थापना समारोह को लेकर पूरे मंदिर मार्ग को विभिन्न प्रकार के इत्रों का छिड़काव कर सुगंधित किया जाएगा। वहीं मूर्ति स्थापना समारोह में आने वाले प्रत्येक भक्त को प्रयागराज के कुंभ से आई जल की शीशियां प्रसाद रूप में वितरित की जाएगी। बाबा श्याम हारे के सहारे है जो भी उनकी शरण में आता है बाबा श्याम उसकी नैया पार लगा देते हैं। कोहाड़ा में होने वाले मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बाबा के विशाल स्वरूप के दर्शनों का लाभ पूरे महानगर वासियों को प्राप्त होगा। श्याम भक्त 10 मार्च मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का पलके बिछा कर इंतजार कर रहे हैं।

उक्त शब्द ट्रस्ट सदस्यों प्रदीप मित्तल, संदीप अग्रवाल, अनिल मित्तल, एलआर मित्तल द्वारा एमडीबी ग्रुप के सुरिंदर बांसल, विकास कांडा, राजिंदर कुमार एंड संस के विजय बावा, आरके एंड कंपनी, कौशल्या आर्ट्स, पब्लिक इंडस्ट्रीज, मंजू इंडस्ट्रीज के गौतम, गोल्डन हट के राम सिंह राणा, सरपंच रूलदु राम को निमंत्रण दिया गया। निमंत्रण लेते हुए गणमान्यों ने श्याम बाबा जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विजय भल्ला, परमानंद, दीपक मित्तल, पुनीत अरोड़ा, राकेश कुमार, नवीन औल, सविनय गर्ग, सुदर्शन शर्मा, सुशील गर्ग, जितेंद्र शर्मा, हरि नारायण सिंगला, संदीप गोयल अतुल वालिया, नितिन गर्ग, चंदेश्वर भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# प्रताप कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 12वां आईपीडीए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (ब्यूरो)**: 12वां आईपीडीए इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस प्रताप कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित किया गया। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता डायरेक्टर डॉ. बलवंत सिंह ने की। रूसी विश्वविद्यालयों से सात प्रतिनिधियों ने दुनिया भर में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के विभिन्न तरीकों को दर्शाते हुए शोध पत्र प्रस्तुत किए। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-एफ के प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन अमृतपाल सिंह जंदू और द्वितीय वीडीजी एमजेएफ लायन अजय गोयल के साथ लायंस क्लब के 30 सदस्यों ने समारोह में भाग लिया। लायन अमृतपाल सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय निर्देशों के अनुसार संस्थानों में अनुशासित विद्यार्थियों के निर्माण की भावना को विकसित करने के लिए लायन्स क्वेस्ट कार्यक्रम के तहत सेमिनार और शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में लायंस क्लब लुधियाना वेजिटेरियन के 18 सदस्यों ने भाग लिया।

# हरजाप नगर शिव मंदिर कमेटी ने लगाया लंगर



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (सनी पाल)** : मुंडियां कलां 33 फुट रोड पर पड़ते हरजाप नगर के शिव मंदिर में मंदिर कमेटी की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को समर्पित लंगर लगाया गया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने कहा की आगामी चरणों में भी मंदिर कमेटी की ओर से धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम कराए जाते रहेंगे। धीरपाल, परषोतम, रंजीत, ओमप्रकाश, विनय, गोल्डी ने कहा कि कमेटी का उद्देश्य समाज सेवा करना है। अगर लोगों कोई भी भ्रमित करता है तो वह कमेटी के सदस्यों से इसकी शिकायत कर सकते हैं। ओमप्रकाश ने कहा कि मंदिर कमेटी का प्रयास है कि इलाके में धर्म के कार्यों को बढ़ाया जाए।

# 290वीं विधवा राशन वितरण सेवा में 120 को राशन वितरित



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (ब्यूरो)**: 290वीं विधवा राशन वितरण सेवा में 120 परिवारों को राशन वितरित किए गए। ईएस मौके पर केसी गुप्ता (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), पं. हरि मोहन, जनरल एमजीआर अशोक देवेदी, राकेश मैनी, विजय अग्रवाल और अविनाश सिक्का उपलबध थे।

# भूखे को भोजन खिलाने से नहीं कोई बड़ी सेवा : रविन्द्र गुप्ता



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (अशोक भारती)**: ओम सेवा समिति की ओर से हरगोविंद मार्ग समिति के कार्यालय में 221वां राशन वितरण समारोह समिति के अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ब राजेश शर्मा की अध्यक्षता मैं आयोजित किया गया। जिसमे 25 जरूरत परिवारों को एक महीने का राशन, लेडीज सूट, शाल इत्यादि वितरित किया। चिंतपूर्णी लंगर सोसायटी ब वैष्णो देवी मंडली शिमलापुरी के सेवको ने अपने सुंदर सुंदर भजनों द्वारा सभी को निहाल किया। रविन्द्र गुप्ता ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है, ये संस्था का मुख्य कार्य नर सेवा नारायण सेवा ही है। राजेश शर्मा ने कहा कि जो इंसान जरूरतमंद परिवारों को राशन की सेवा करते हैं या भूखे को भोजन करवाते हैं या किसी भी जरूरतमंद परिवार या मरीज की मेडिकल हेल्प करते हैं प्रभु उनकी खुद मदद करते हैं तथा उनके परिवार को किसी प्रकार का कष्ट नहीं आने देते। इस अवसर पर खीर का लंगर भी लगाया गया। इस अवसर पर गगन गुप्ता, अरविंद कक्कड़, जगतार सिंह, पप्पू मल्होत्रा, सचिन सचदेवा, सोमनाथ मल्होत्रा, संजय मल्होत्रा, अशोक मोदी, रमेश मल्होत्रा, अशोक भारती, संयोगिता देवी, राजेंद्र शर्मा, विनय बाबू, विशाली अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# पारंपरिक फूड हैबिट्स और बदलती जीवनशैली बढ़ते वजन का मुख्य कारण : डॉ. हरप्रीत जॉली

## मोटापे से परेशान लोगों को नई राह दिखा रही बेरियाट्रिक सर्जरी





**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (मल्होत्रा)**: पंजाब में कैंसर की तरह ही मोटापा भी एक गंभीर समस्या बनकर उभरा है। मोटापे के मामले में पंजाब देश के शीर्ष राज्यों में से एक है। स्टडी के मुताबिक प्रदेश में लगभग 40% वयस्क मोटापे का शिकार हैं। वहीं लुधियाना में 36% वयस्क मोटापे की चपेट में हैं। इसका मुख्य कारण यहाँ का पारंपरिक आहार और बदलती जीवनशैली है। यहाँ के खानपान में दूध, मक्खन और घी जैसे डेयरी उत्पादों की अधिकता होती है। ये पोषण से भरपूर तो होते हैं, लेकिन अधिक मात्रा में सेवन करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकता है। लेकिन इनमें वसा और अत्यधिक कैलोरी भी होती हैं, जो वजन बढ़ाने में सहायक बनती हैं। इससे इससे दिल की बीमारी समेत हाई बीपी, डायबिटीज, फैटी लीवर और इनफर्टिलिटी जैसे समस्याएं पैदा हो रही हैं।

वर्ल्ड ओबेसिटी डे को ध्यान में रखते हुए मैश प्रोलाइफ अस्पताल द्वारा मोटापा और वजन घटाने पर होटल हयात रीजेंसी लुधियाना में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. हरप्रीत सिंह जॉली द्वारा वजन प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। डॉ. जॉली ने कहा कि लुधियाना में मोटापे की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, शहर के लगभग 36% वयस्क मोटापे से ग्रसित हैं, और इसमें महिलाओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक पाई गई है। 18-34 वर्ष की आयु वर्ग में मोटापा अपेक्षाकृत कम है, जबकि 35-54 वर्ष की आयु के लोगों में इसकी दर अधिक पाई जाती है। यह समस्या केवल बाहरी स्वरूप से जुड़ी नहीं है, बल्कि यह हृदय रोग, डायबिटीज़ और अन्य गंभीर बीमारियों का मुख्य कारण बन सकती है। सही जानकारी, सही उपचार और अनुशासन से इसे नियंत्रित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि शहरीकरण और जीवनशैली में आए बदलावों के कारण शारीरिक गतिविधियाँ कम हो गई हैं, जिससे मोटापे की समस्या और गंभीर हो रही है। प्रोसेस्ड फूड की बढ़ती लोकप्रियता, जिसमें रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट अधिक और पोषण कम होता है, इस समस्या को और बढ़ा रही है। साथ ही, आर्थिक प्रगति और खानपान की बदलती आदतों के कारण उच्च कैलोरी वाले भोजन की ओर झुकाव बढ़ रहा है। यह प्रवृत्ति विशेष रूप से उन परिवारों में देखी जाती है, जहाँ समृद्धि के साथ भोजन में अधिक समृद्धि और भारी खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ता जा रहा है।

बेरियाट्रिक सर्जरी मोटापे के इलाज के लिए सबसे प्रभावी और दीर्घकालिक समाधान माना जाता है। इस सर्जरी के अंतर्गत कई प्रक्रियाएँ होती हैं, जैसे स्लीव गैस्ट्रेक्टॉमी, रूक्स एन वाई गैस्ट्रिक बायपास और मिनी गैस्ट्रिक बायपास (एमजीबी/ओएजीबी)। इस दौरान गुरमीत सिंह (55 वर्ष) ने बताया कि उनका वजन 140 किग्रा था और बीएमआई 48 था। उन्हें उच्च रक्तचाप, डायबिटीज़, वेनस इंसफिशिएंसी और डिप्रेशन जैसी समस्याएँ थीं। उन्होंने आठ वर्षों तक बाइपीएपी मशीन की मदद से सोने की आदत बना ली थी और उनकी जीवन की गुणवत्ता बेहद ख़राब थी। लेकिन एमजीबी बेरियाट्रिक सर्जरी के बाद, उनका वजन घटकर 82 किग्रा हो गया। उन्होंने मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पूरी तरह छुटकारा पा लिया, उनकी स्लीप एपनिया की समस्या समाप्त हो गई और वे पहले से अधिक आत्मविश्वास से भरपूर और सक्रिय जीवन जीने लगे।

# नारायणा इ-टेक्नो स्कूल की ओर से वार्षिक कार्यक्रम आयोजित





**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (मल्होत्रा)**: नारायणा इ-टेक्नो स्कूल चंडीगढ़ रोड वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लुधियाना नगर निगम के डिप्टी मेयर प्रिंस जोहर विशेष तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पर स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. नीतू शर्मा, स्कूल के एजीएम विनीत आहूजा, टेक्नो सेगमेंट के जोनल कोऑर्डिनेटर राघव शर्मा, चैंप्स सेगमेंट की जोनल कोऑर्डिनेटर प्रियंका, कॉलेज के डीन मिस्टर सिद्धार्थ भी उपस्थित रहे। विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यो जैसी राजस्थानी डांस, पंजाबी भांगड़ा, घूमर, बॉलीवुड मिक्स आदि का प्रस्तुतीकरण करके बच्चों ने भारत देश की विशेषता विभिन्नता में एकता को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कराटे के अद्भुत करतब देखकर दर्शक स्तब्ध रह गए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति के गीत ने दर्शकों को देश भक्ति के जोश से भर दिया। के. जीविंग के बच्चों द्वारा 'तारे ज़मीन 'और 'मैं तेरा लाडला 'गीत है, पर नृत्य ने दर्शकों को भाव -विभोरकर दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. नीतू शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट पड़ी जिसमें उन्होंने स्कूल की विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां जैसे की जेइ मेन,जेड एडवांस, सिनेप्स, अंडर-17 बेसबॉल चैंपियनशिप, नासा आदि में उपलब्धियोके बारे में चर्चा की।भारतीय संस्कृति को दर्शाते और महापुरुषों को याद करते हुए कई नाटक भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सभी मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। डॉ. नीतू शर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया और समारोह को सफल बनाने के लिए छात्रों के प्रयासोंकी सराहना भी की।

# आर्य समाज मॉडल टाउन में धूमधाम से मनाया गया ऋषि बोधपर्व





**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (अजय बहल)** : आर्य समाज मॉडल टाउन लुधियाना के प्रांगण में वेद ध्वनियों के उच्चारण के मध्य जगद्गुरु महर्षि दयानंद सरस्वती जी के आत्मिक जन्म दिवस को ऋषि बोधपर्व के रूप में मनाया गया। आर्य समाज मॉडल टाउन के प्रधान राकेश जैन के सान्निध्य में संपन्न इस आयोजन में पंजाब की विभिन्न आर्य समाजों से जुड़े गणमान्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित हुए। हवन-यज्ञ के पश्चात बीसीएम स्कूल शास्त्री नगर, बीसीएम ललतों तथा आर एस मॉडल स्कूल के साथ-साथ अनिल गौतम द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। डीएवी स्कूल, पक्खोवाल की प्रधानाचार्या डॉ. सतवंत कौर भुल्लर ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने जिस तरह अपने गुरु जी की मांग पर देश और समाज के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था, उसी प्रकार हमें भी देश और समाज के कल्याण के लिए ईश्वर से शक्ति और सामर्थ्य ही मांगनी चाहिए और विकास को संभव बनाकर अपने जीवन को सफल करना चाहिए। बीसीएम विद्यालय की हिंदी शिक्षिका उर्वशी मदान द्वारा 'मूल शंकर से पूर्ण शंकर तक' विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। 'वैज्ञानिक दृष्टि से पर्यावरण व मानवीय संरक्षण में यज्ञ की महत्ता' विषय पर बीसीएम विद्यालय की शिक्षिकाओं डॉ. अनु शर्मा कौल तथा सोनाक्षी द्वारा एक विशेष प्रस्तुति दी गई। आर्य समाज स्कूल्स की डायरेक्टर डॉ. परमजीत कौर ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। आर्य समाज के महामंत्री कै. विजय स्याल ने 'स्वामी दयानंद को जानो और स्वयं को पहचानो' का लक्ष्य देते हुए देश और समाज के पुनरुत्थान का संदेश दिया।

# जीतो प्रीमियर लीग : एंटी कल्चर आर्मी ने जीती ट्रॉफी

## फाइनल में 'सीएम स्मैशर्स को 6 विकेट से हराया



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (विक्रम सैनी)** : जीतो प्रीमियर लीग-सीजन 8 का खिताब एंटी कल्चर आर्मी ने जीत लिया है। विजेता टीम ने सीएम स्मैशर्स को 6 विकेट से जीत दर्ज की। प्लेयर ऑफ़ द मैच का खिताब विक्रम जैन को मिला व सीरीज का खिताब कशिश जैन को मिला। जीतो यूथ विंग की ओर से रविवार को करवाया फाइनल धूमधाम से संपन्न हुआ, सात दिवसीय टूर्नामेंट जीतो लुधियाना चैप्टर के यूथ विंग द्वारा कराया जा रहा है। टूर्नामेंट के मुख्य प्लैटिनम स्पांसर चार्ली-के जैन ग्रुप, गोल्ड स्पॉन्सर अभय ट्रेडिंग कंपनी, सिल्वर स्पांसर सुदर्शन फैब्रिक्स, सीएलडी डेवलपर व मोर थ्रेड है।

जीतो प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला एंटी कल्चर आर्मी व सीएम स्मैशर्स इलेवन के बीच खेला गया। 12-12 ओवरों के मुकाबलें में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएम स्मैशर्स इलेवन की टीम ने 12 ओवरों में 4 विकेट खोकर 178 रन बनाएं। बल्लेबाजी में कशिश जैन ने 21 गेंदों में 71 रन, गौरव जैन 18 गेंदों में 33 रनों का योगदान दिया। विपक्षीय गेंदबाजी में अभिनंदन जैन 37 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जवाब में खेलने उतरी एंटी कल्चर आर्मी की टीम ने यह लक्ष्य 10.4 ओवरों में 4 विकेट खोकर 179 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बल्लेबाजी में विक्रम ने 67 रन , पुलकित जैन ने 50 रनों, संजीव ने 41 रनों का योगदान दिया। विपक्षी गेंदबाजी में कशिश ने तीन विकेट चटकाएं। मैन ऑफ़ द मैच का खिताब 67 रनों का योगदान देने वाले विक्रम जैन को मिला। इस अवसर पर जीतो लुधियाना चैप्टर बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स कोमल जैन, राजीव जैन, चेयरमैन सुधीर जैन, वाइस चेयरमैन सूर्या पी समलखा, विनोद जैन (सीएचई), तरुण जैन, चीफ सेक्रेट्री पवन जैन, सेक्रेट्री अभिमन्यु सिंघी, एग्जीक्यूटिव सदस्यों में विशाल जैन मुकेश जैन, राकेश जैन, विपिन जैन, राकेश जैन जगराओ, गौरव जैन, रवि जैन, लेडीज विंग से चेयरपर्सन मंजू ओसवाल, चीफ सेक्रेट्री अमिता जैन, जीतो यूथ विंग चेयरमैन संभव जैन, वाइस चेयरमैन रम्यक जैन भव्या जैन, चीफ सेक्रेटरी सीए कार्तिक जैन, ज्वाइंट सेक्रेट्री ध्रुव जैन-सिद्धांत जैन, पावन जैन आदि उपस्थित थे।

# नई एक्साइज पॉलिसी से शराब लाइसेंसधारियों में असंतोष

## नुकसान में जा चुके ठेकेदारों की उम्मीद पर सरकार की पॉलिसी ने फेरा पानी



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (विक्रम सैनी)**: नई एक्साइज पॉलिसी के आने से लुधियाना के शराब लाइसेंसधारियों में खासा असंतोष देखा जा रहा है। नई एक्साइज पॉलिसी 2025-26 में टेंडर सिस्टम के साथ ठेके अलॉट किए जाएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 मार्च टेंडर बोली की अंतिम तिथि निर्धारित ही गई है। ठेकेदारों का पॉलिसी पर कहना है कि सरकार ने पिछले वर्ष की एक्साइज नीति को बिना किसी आवश्यक बदलाव के उन पर फिर से थोप दिया है जिससे उनके व्यावसायिक हित प्रभावित हो रहे हैं। वहीं कुछ ठेकेदारों का यह भी कहना है कि नीति में कुछ बदलाव आवश्यक थे, जिससे नुकसान में चल ठेकेदार अपना नुकसान रिकवर कर पाते। पिछले वर्ष की एक्साइज से परेशान ठेकेदारों लिए इस वर्ष भी निराशा का दौर जारी है। 90 फीसदी ठेकेदारों के नुकसान में जाने के बावजूद सरकार ने पुरानी पॉलिसी को दोबारा लागू करने का निर्णय लिया। यह कदम कई शराब कारोबारियों चिंता के कारण बनता जा रहा है।

पिछले वर्ष सरकार ने लगभग 75 करोड़ रुपए केवल लुधियाना शहर से ही अर्जित किए थे, जिसमें सरकार काफ़ी फायदे में रही, लेकिन वहीं ठेकेदारों ने जैसे तैसे कारोबार हासिल किया। सरकार की पॉलिसी व विभाग का कंट्रोल न होने के कारण ठेकेदार बुरी तरह से घाटे में चले गए, किंतु ठेकेदारों को उम्मीद थी, कि सरकार इस वर्ष ठेकेदारों के हितों को सोचते हुए पॉलिसी लेकर आएगी। मगर ऐसा नहीं हुआ।

सरकारी टेंडर एल-1 को एक बार फिर से बड़े कॉर्पोरेट प्लेयर से ठेकेदारों के हाथों में सौंपे जाने से नाराजगी फैल गई है। ठेकेदारों का कहना है कि पॉलिसी में ओपन कोटा होने से पंजाब तस्करी का हब बन जाएगा।

भाजपा पंजाब कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि पंजाब की एक्साइज पॉलिसी की इन्क्वारी होनी चाहिए और उनका दावा है कि पंजाब की एक्साइज पॉलिसी में दिल्ली से भी बड़े घोटाले का पर्दाफाश होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब को लूटने से बचाने के लिए केंद्र सरकार से गुहार लगाई जाएगी। सरकार एल 1 के नाम पर ठेकेदारों को मुर्ख बना रही है और करोड़ो रुपए में एल-1 लाइसेंसियों से छीन बड़े प्लेयरों को दे रही है जबकि इससे पहले यहीं एल-1 ठेकेदारों के पास होते थे। उन्होंने कहा कि यहीं बड़ा कारण रहा है कि ठेकेदारों को भारी घाटे का सामना करना पड़ा है और लगभग लुधियाना के 90 फीसदी ठेकेदार नुकसान में हैं।

# एनएचएआई ने लुधियाना के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में वाहनों के लिए अंडरपास को मंजूरी दी : सांसद अरोड़ा

**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, लुधियाना (शान)**: नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कैलाश नगर चौक और जी.टी. रोड पर जस्सियां रोड से गुरुहर राय नगर क्रॉसिंग तक वाहनों के लिए अंडरपास (वीयूपी) के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। परियोजना के लिए शॉर्ट-टर्म टेंडर सोमवार को जारी किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा ने आशा व्यक्त की कि ये अंडरपास लुधियाना में दुर्घटना संभावित दो ब्लैक स्पॉट पर यातायात की भीड़ को काफी हद तक कम कर देंगे। उन्होंने लुधियाना, जालंधर और अमृतसर के माध्यम से दिल्ली और जम्मू के बीच एक महत्वपूर्ण लिंक जीटी रोड पर यातायात प्रवाह में सुधार के उद्देश्य से 44 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के लिए एनएचएआई का आभार व्यक्त किया।



अरोड़ा ने बताया कि 15x2 मीटर के इन वीयूपी की ऊंचाई 5.5 मीटर है। इससे न केवल वाहनों की आवाजाही सुचारू होगी, बल्कि एनएच-1 के इस हिस्से पर तेज रफ्तार दुर्घटनाओं पर अंकुश लगने से सड़क सुरक्षा भी बढ़ेगी। प्रत्येक अंडरपास की अनुमानित लागत 21.67 करोड़ रुपये है।

यह पहल स्थानीय विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल के लगातार प्रयासों के बाद की गई है, जिन्होंने यातायात की बाधाओं और दुर्घटना के जोखिम पर चिंता जताई थी। उनकी अपील पर प्रतिक्रिया देते हुए अरोड़ा ने पिछले साल सितंबर में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और एनएचएआई के चेयरमैन के समक्ष इस मुद्दे को उठाया था। उन्होंने लुधियाना में पांच प्रमुख ब्लैक स्पॉट-सुभाष नगर से सुंदर नगर चौक, कैलाश नगर चौक, काकोवाल चौक से शेखेवाल, काली-बिंद्रा कॉलोनी से प्रिंगल ग्राउंड और जस्सियां रोड से गुरुहर राय नगर क्रॉसिंग पर अंडरपास के निर्माण का आग्रह किया था।

## वर्षगांठ

शुभकामनाएं



किरण और कृष्ण गोपाल को स्वर्णभूमि टाइम्स व परिवार की ओर से सालगिरह की हार्दिक बधाई

जन्मदिन और शादी की सालगिरह की फोटो हमें इस इमेल swarnbhoomitimesnews@gmail.com पर भेजें। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 0161-2938774



## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
संजीव शर्मा (गोल्ड मैडलिस्ट)
मो. 70098-21917, 92169-75755

**मेषः** आज अपना आत्मविश्वास बढ़ाते हुए आगे बढ़ने के कई अवसर मिलेंगे। आप परिवार और जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देंगे। अच्छे स्वास्थ्य के लिए खुद पर ध्यान दें। आज आप किसी पुराने मित्र से मिल सकते हैं। जिससे आपको खुशी मिलेगी। नौकरीपेशों लोगों का साथ मिलेगा और आपके पारिवारिक जीवन में सुधार होगा। आज काम करते वक्त किसी तरह की लापरवाही न करें।

**वृषभः** आज ग्रहों की गणना वृषभ राशि के जातकों के लिए धनलाभ की संभावना बता रही है। धन के आने की उम्मीद है लेकिन साथ ही खर्चे में बने रहेंगे। धन की प्राप्ति आसानी से होगी और भाग्य पक्ष अच्छा रहेगा। जमीन या संपत्ति से जुड़े मामलों में परिवार का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है। इस पर जरूर ध्यान दें। निजी जीवन खुशहाल रहेगा और जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**मिथुनः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप खुद पर भरोसा रखें और चिंताओं को छोड़ दें। स्थिति साफ होती जाएगी। कामकाज के लिए दिन अच्छा है। आप अपना कोई जरूरी काम पूरा कर पाएंगे और आय में वृध्दि होगी। अचानक से खर्चे सामने आ सकते हैं, लेकिन आपको परेशानी नहीं होगी। परिवार के सदस्यों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है और विदेश यात्रा का विचार भी बन सकता है।

**कर्कः** आज अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान दें क्योंकि मौसम में बदलाव के साथ आपको सर्दी या खांसी हो सकती है। आप अपने कार्यस्थल पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे और विरोधी भी आपकी तारीफ करेंगे। कोई साथ काम करने वाला व्यक्ति आपकी सहायता मांग सकता है। धन की स्थिति ठीक बनी रहेगी और खर्च भी रहेंगे। आप घर के लिए कुछ चीजें और संपत्ति खरीदने की योजना भी बना सकते हैं।

**सिंहः** आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी और आप में उत्साह बना रहेगा। दोस्तों के साथ कामकाज के अवसर ढूंढ सकते हैं। माता-पिता के साथ यात्रा पर भी जा सकते हैं। धन की प्राप्ति आसानी से होगी और भाग्य पक्ष अच्छा रहेगा। परिवार में किसी सदस्य की बात आपका मूड खराब कर सकता है। वैवाहिक जीवन ठीक बना रहेगा।

**कन्याः** आज का दिन आपको मेहनत का फल मिलेगा। नौकरीपेशा लोग काम में लगे रहेंगे। आप परिवार और जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देंगे। व्यापारियों को अच्छा लाभ होगा। छात्र मन लगाकर पढ़ाई करेंगे तो अच्छे परिणाम हासिल होंगे। अपने दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने की कोशिश करें लेकिन कुछ गलत करने से बचें। बच्चों के साथ समय बिताएं।

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। सुबह के वक्त काम को लेकर कुछ तनाव हो सकता है लेकिन धीरे-धीरे स्थिति बेहतर हो जाएगी। नौकरीपेशा लोग नौकरी बदलने के बारे में सोच सकते हैं। अचानक से धन लाभ हो सकता है। ससुराल वाले आपसे किसी मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। आज आपको पार्टनर को सपोर्ट करना है। घर में खुशहाली रहेगी लेकिन पार्टर के साथ रिश्ते में तनाव हो सकता है।

**वृश्चिकः** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन मध्यम रहेगा लेकिन चिंताएं बनी रहेंगी। जरूर काम रूक सकते हैं लेकिन धैर्य रखें। खर्चे बढ़ सकते हैं और विरोधी परेशान कर सकते हैं, जिससे निराशा होगी। वाणी को नरम रखें क्योंकि तीखी वाणी से आपके काम बिगड़ सकते हैं। मौसम के कारण सेहत में कुछ गिरावट हो सकती हैं।

**धनुः** धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आप परिवार और जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देंगे। कामकाज अच्छा बना रहेगा लेकिन सतर्क रहें। जरूरतों की वजह से कुछ खर्च हो सकता है। आर्थिक मोर्चे पर सफलता मिलेगी। धन की प्राप्ति आसानी से होगी और भाग्य पक्ष अच्छा रहेगा। आप अपने पार्टनर से मिलने के लिए इंतजार कर सकते हैं। शादीशुदा जिंदगी अच्छी रहेगी और काम में आप पूरी मेहनत करेंगे।

**मकरः** मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन मुश्किलें आ सकती हैं। कई चुनौतियां आपको परेशान कर सकती हैं। विरोधी बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करेंगे और खर्च भी बढ़ा हुआ रहेगा। समय और धन की कमी के कारण आप कुछ परेशान हो सकते हैं। मन की शांति के लिए परिवार के साथ देवदर्शन करें। लव लाइफ अच्छी रहेगी।

**कुंभः** कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। विवाहितों को संतान का आशीर्वाद मिल सकता है। लंबे समय से चली आ रही इच्छाएं पूरी होंगी और अटका हुआ धन भी मिल सकता है। कंधे और कमर का दर्द परेशान कर सकता है। निजी जीवन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पार्टनर आपकी मदद कर सकता है।

**मीनः** मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आप परिवार और जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देंगे। शादीशुदा जीवन ठीक रहेगा लेकिन घरेलू जरूरतों पर ध्यान देने की जरूरत है। काम और परिवार को मैनेज करेंगे। धन की प्राप्ति आसानी से होगी और भाग्य पक्ष अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा।

# दिल्ली में यमुना का होगा कायाकल्प

## सरकार कर रही क्रूज चलाने की तैयारी



दिल्ली सरकार यमुना के कायाकल्प पर पूरा फोकस कर रही है। नदी के चिन्हित खंड क्रूज चलाने की तैयारी है। दिल्ली टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने दो सोलर या इलेक्ट्रिक बैटरी पावर्ड क्रूज चलाने के लिए आरएफक्यू जारी किया है। रूट भी तय हो गया है।

दिल्ली में यमुना के कायाकल्प पर बीजेपी सरकार पूरा फोकस कर रही है। सरकार टूरिस्ट के परपस से यमुना में क्रूज सर्विस की प्लानिंग कर रही है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। इस योजना के तहत वजीराबाद बैराज, सोनिया विहार से जगतपुर शनि मंदिर तक यमुना के छह किलोमीटर हिस्से को डेवलप किया जा रहा है। इसमें टूरिस्टों के लिए क्रूज सेवा की व्यवस्था होगी।

दिल्ली टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीटीटीडीसी) ने इसके लिए आरएफक्यू (टेंडर) जारी किया है। इसके तहत दो सोलर या इलेक्ट्रिक बैटरी क्रूज चलाने वाले ऑपरेटर की नियुक्ति होगी, जहां इसका संचालन होगा। डीटीटीडीसी क्रूज सेवाओं के लिए ऑपरेटर को नियुक्त करेगा। कुल सात से आठ किलोमीटर की यात्रा होगी। ऑपरेटर सभी यात्रियों, चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

**इस योजना से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावाः** प्रस्ताव दस्तावेज में कहा गया है कि यह नदी क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देगा क्योंकि यह इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईडब्ल्यूएआई), दिल्ली डेवलपमेंट ऑथरिटी (डीडीए), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), डीटीटीडीसी और सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के समन्वित प्रयासों के साथ एक पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ जल-परिवहन परियोजना होगी।

इस परियोजना को दिल्ली जल बोर्ड के सहयोग से आईडब्ल्यूएआई और डीडीए द्वारा इम्प्लीमेंट किया जाएगा। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग क्रूज के लिए चार्जिंग बुनियादी ढांचे के साथ फ्लोटिंग जेटी और नेविगेशनल सहायता किनारे की सुविधा प्रदान करेगा।

**20-30 यात्रियों की बैठने की क्षमताः** ऑपरेटर शुरू में इस सर्विस के लिए दो इलेक्ट्रिक-सोलर हाइब्रिड क्रूज प्रदान करेगा। क्रूज में 20-30 यात्रियों की बैठने की क्षमता होगी। ये क्रूज 5 से 7 नॉटिकल माइल (10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड) की स्पीड से चलेंगे।

क्रूज में इनबोर्ड बायो-टॉयलेट, अनाउंसमेंट सिस्टम, सुरक्षा जैकेट की सुविधा होगी। दस्तावेज में कहा गया है कि एसी वाले क्रूज पट्टे पर या स्वामित्व वाली होंगी और दो साल से कम पुरानी नहीं होंगी। क्रूज के जरिए कम से कम चार ट्रिप होगी।

# बहरेपन का कारण बन सकता है हेडफोन का ज्यादा इस्तेमाल



डिजिटल युग में हेडफोन और ईयरफोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं।

अगर आप भी दिनभर हेडफोन लगाए रखते हैं तो ये खबर आपके लिए जरूरी है। क्योंकि आज बहुत से लोग दिनभर हेडफोन लगाकार काम करते हैं यहां तक कि घर, ऑफिस और मार्केट में भी लोग कानों में हेडफेन लगाए रहते हैं। कुछ लोग तो रात के समय भी कान में हेडफोन लगाकर सो जाते हैं, लेकिन हेडफोन का इस्तेमाल हमेशा करना या लंबे समय तक ऊंची आवाज में गाने सुनना कानों की सेहत को खराब कर सकता है। यहां तक कि कानों का पर्दा भी फट सकता है। जिससे आप बहरेपन का शिकार हो सकते हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि 60 मिनट से ज्यादा हेडफोन नहीं लगाएं और वॉल्यूम 60% से अधिक ना सुने।

एक्सपर्ट्स कहते हैं कि अगर आप हेडफोन का इस्तेमाल करते हैं तो कुछ ही समय के लिए करें। जैसे 1 घंटे से अधिक इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के ईएनटी विभाग के पूर्व रेजिडेंट डॉ। कृष्ण कुमार बताते हैं कि हेडफोन को लेकर 60-60 नियम अपना सकते हैं। यानी हेडफोन का 60 मिनट से ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और वॉल्यूम 60% से ज्यादा नहीं रखना चाहिए।

अगर आप इसका यूज अधिक करते हैं तो कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इससे ना सिर्फ आपकी सुनने की क्षमता खत्म हो सकती है, बल्कि सिरदर्द, चक्कर और भ्रम की स्थिति भी पैदा हो सकती है।

**क्यों नुकसान है हेडफोन का ज्यादा इस्तेमाल?:**

हेडफोन से निकलने वाली तेज आवाज सीधे कानों के अंदर जाती है, जो कान के अंदर छोटी-छोटी सेल्स को नुकसान पहुंच सकता है। ये सेल्स हमारी सुनने की शक्ति को बनाए रखते हैं। अगर ये क्षतिग्रस्त हो गए तो कान से सुनाई देना धीरे-धीरे कम होने लगता है।

गैजेट्स का वॉल्यूम 60% से ज्यादा नहीं रखना चाहिए। अगर आप अधिक समय तक हेडफोन के साथ काम करना चाहते हैं तो हर 30-40 मिनट में ब्रेक लें, ताकि कानों को आराम मिल सकें।

# झारखंड में मिला 14.5 करोड़ साल पुराना एक अनोखा 'खजाना'



झारखंड में भूवैज्ञानिकों के हाथ एक अनोखा 'खजाना' लगा है, जो कि 14.5 करोड़ साल पुराना बताया जा रहा है। भूविज्ञानी डॉ. रंजीत कुमार सिंह और वन रेंजर रामचंद्र पासवान ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताा कि मंगलवार को पाकुड़ जिले के बरमसिया गांव में एक महत्वपूर्ण खोज सामने आई हैं। यहां पर एक पेट्रोफाइड जीवाश्म की खोज की गई है।

टीम ने एक विशाल वृक्ष के जीवाश्मकृत अवशेषों को पहचाना, जो 10 से 14.5 करोड़ वर्ष पूर्व के हो सकते हैं। यह खोज न केवल वैज्ञानिक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए भी गर्व का विषय है, क्योंकि यह क्षेत्र की प्राचीन प्राकृतिक विरासत को उजागर करता है। यह जैविक इतिहास को समझने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

डॉ. सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में और भी अनुसंधान की आवश्यकता है ताकि जीवाश्म की सटीक आयु और उसके पर्यावरणीय संदर्भ को समझा जा सके। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इस क्षेत्र को संरक्षित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य की पीढ़ियां भी इस महत्वपूर्ण विरासत का अध्ययन और सराहना कर सकें।

**इस खोज का क्या हो सकता है फायदा?:** वन रेंजर रामचंद्र पासवान ने स्थानीय समुदाय से अपील की है कि वे इस क्षेत्र की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी अवैध गतिविधि से बचें जो इस महत्वपूर्ण स्थल को नुकसान पहुंचा सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस खोज से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। इस खोज के बाद भू-वैज्ञानिक व प्रकृति पर्यावरण के शोधार्थी व अन्य इस क्षेत्र का विस्तृत सर्वेक्षण अध्ययन करने की योजना बनाई है, ताकि और भी महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित की जा सकें और क्षेत्र की भू वैज्ञानिक हलचल घटना पर्यावरण संरक्षण जैव विविधता और भूवैज्ञानिक इतिहास को संरक्षित किया जा सके।

**आसपास की चट्टानों से बिल्कुल अलगः** डॉ. रणजीत कुमार सिंह का मानना है कि पाकुड़ जिला पेट्रोफाइड फॉसिल का धनी है। बताया कि इस क्षेत्र के विज्ञान और वैज्ञानिक समझ में रूचि रखने वाले आम लोगों के लिए संरक्षित और संरक्षित करने की सख्त जरूरत है। इसे लेकर झारखंड वन विभाग के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष तिवारी के साथ भू-विरासत विकास योजना का प्रस्ताव रखा जा रहा है। बताया कि स्थानीय ग्रामीणों, प्रशासकों, वन विभाग, झारखंड राज्य के इकोटूरिज्म के साथ बातचीत की और इस क्षेत्र में एक अलग जियोपार्क कैसे विकसित किया जा सकता है, इस पर चर्चा की जा रही है।

# अवैध इमिग्रेशन पर ट्रंप ने कसी लगाम, यूएस-मैक्सिको बॉर्डर पर 3000 और सैनिक तैनात



पहले से ही, कुल मिलाकर लगभग 9200 अमेरिकी सैनिक दक्षिणी सीमा पर हैं, जिनमें लगभग 5,000 नेशनल गार्ड सैनिक गवर्नरों के नियंत्रण में हैं। पेंटागन ने कहा कि नए सैनिक सीमा को सील करने और अमेरिका की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए सीमा सुरक्षा अभियानों को और मजबूत करेंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप अवैध इमिग्रेशन को लेकर लगातार सख्ती बरत रहे हैं। अब ट्रंप अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर करीब 3,000 और सैनिक भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह कदम अवैध इमिग्रेशन पर लगाम लगाने। बता दें कि ट्रंप ने अपने चुनावी अभियान के दौरान भी अवैध इमिग्रेशन को रोकने का वादा किया था और अब उसको पूरा करने के लिए कड़े कदम उठा रहे हैं।

पेंटागन ने घोषणा की कि उनके रक्षा सचिव, पीट हेगसेथ ने मिशन के लिए एक स्ट्राइकर ब्रिगेड फाइटर टीम और एक सपोर्ट एविएशन बटालियन का आदेश दिया है। आने वाले हफ्तों में सेनाएं लगभग 2,000 मील की सीमा पर पहुंच जाएंगी।

**3,000 सैनिकों की तैनातीः**

रक्षा विभाग के बयान में तैनाती के आकार का जिक्र नहीं किया गया था, लेकिन अधिकारियों ने इसे लगभग 3,000 बताया। हालांकि वो इस मामले पर सार्वजनिक रूप से चर्चा करने के लिए अधिकृत नहीं थे और उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बात की थी।

**नए सैनिक बॉर्डर को को करेंगे सीलः**

बता दें कि पहले से ही, कुल मिलाकर लगभग 9,200 अमेरिकी सैनिक दक्षिणी सीमा पर हैं, जिनमें 4,200 फेडरल आदेशों के तहत तैनात हैं और लगभग 5,000 नेशनल गार्ड सैनिक गवर्नरों के नियंत्रण में हैं। पेंटागन ने कहा कि नए सैनिक सीमा को सील करने और अमेरिका की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए वर्तमान सीमा सुरक्षा अभियानों को और मजबूत करेंगे।

**प्रवासियों को भेजा जा रहा उनके देशः**

ट्रम्प सीमा को बंद करने और हिरासत में लिए गए प्रवासियों को उनके देश वापस भेजने के अपने प्रयास में सेना की भूमिका का विस्तार कर रहे हैं। माइग्रेशन, मादक पदार्थों की तस्करी और अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटने में मदद के लिए 1990 के दशक से सैन्य कर्मियों को लगभग लगातार सीमा पर भेजा गया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर करीब 3,000 और सैनिक भेज रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शनिवार को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कदम अवैध आव्रजन पर लगाम लगाने और अपने चुनावी अभियान के मुख्य वादे को पूरा करने के लिए उठाया है।

पेंटागन ने घोषणा की है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस मिशन के लिए स्ट्राइकर ब्रिगेड लड़ाकू दल और एक सामान्य सहायता विमानन बटालियन के कुछ हिस्सों को आदेश दिया है। आने वाले हफ्तों में ये सैनिक लगभग 2,000 मील की सीमा पर पहुंच जाएंगे। बता दें कि स्ट्राइकर मध्यम-बख्तरबंद पहिएदार कार्मिक वाहक हैं।

**रक्षा विभाग ने सैनिकों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं कीः**

हालांकि, रक्षा विभाग ने तैनाती की संख्या का आधिकारिक रूप से जिक्र नहीं किया, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि यह संख्या लगभग 3,000 है। उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर सैनिकों की संख्या के बारे में जानकारी दी।

**दक्षिणी सीमा पर पहले से ही तैनात हैं 9200 सैनिकः**

बता दें कि पहले से ही लगभग 9,200 अमेरिकी सैनिक दक्षिणी सीमा पर तैनात हैं, जिनमें से 4,200 संघीय आदेशों के तहत हैं और लगभग 5,000 नेशनल गार्ड सैनिक राज्यपालों के नियंत्रण में हैं।

**सीमा सुरक्षा अभियानों को मजबूत करेंगे नए सैनिकः पेंटागन**

पेंटागन ने कहा कि नए सैनिक 'सीमा को सील करने और अमेरिका की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए मौजूदा सीमा सुरक्षा अभियानों को मजबूत और विस्तारित करेंगे।'

**सीमा बंद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ट्रंपः**

राष्ट्रपति ट्रंप सीमा को बंद करने और हिरासत में लिए गए प्रवासियों को उनके गृह देशों में वापस भेजने के प्रयास में सेना की भूमिका को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**1990 के दशक से सैन्य कर्मियों को सीमा पर भेजा जा रहाः**

बता दें कि 1990 के दशक से, सीमा पर सैन्य कर्मियों को प्रवासन, मादक पदार्थों की तस्करी और अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटने के लिए लगातार भेजा जाता रहा है।

## आज का इतिहास




**03 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँः-**

**1575** – मुग़ल बादशाह अकबर ने तुकारोई की लड़ाई में बंगाली सेना को हरा था।

**1939** – महात्मा गाँधी, भारत के मुंबई शहर में निरंकुश शासन के विरोध में तेज़ी लाये।

**1971** – भारत-पाकिस्तान युद्ध की शुरुआत हुई।

**1999** – अब्दुल रहमान अरब मूल के ऐसे प्रथम व्यक्ति बने जिन्हें इस्रायली सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाया गया।

**2000** – अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण द्वारा क्रोएशिया के जनरल तिहोमिर ब्लास्किय को 45 साल की सज़ा।

**2005** – यूक्रेन के राष्ट्रपति विक्टर यूशचेंकों की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय रक्षा परिषद ने इराक से अपने सैनिक वापस बुलाने का निर्णय लिया।

**2006** – फिलीपींस में आपातकाल हटा।

**2007** – पाकिस्तान ने हत्फ़-2 अब्दाली बेलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया।

**2009** – स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने स्मार्ट यूनिट योजना को लांच किया।

**03 मार्च को जन्मे व्यक्तिः-**

**1997** – योगेश कथुनिया - भारतीय पैरालम्पिक एथलीट हैं।

**1976** – राइफ़लमैन संजय कुमार, परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक

**1955** – जसपाल भट्टी, प्रसिद्ध हास्य अभिनेता।

**1931** – ग़ुलाम मुस्तफ़ा ख़ान - भारतीय शास्त्रीय संगीत गायक थे।

**1926** – रवि (संगीतकार) - हिन्दी फ़िल्मों में प्रसिद्ध संगीतकार थे।

**1902** – रामकृष्ण खत्री - भारत के प्रमुख क्रांतिकारियों में से एक थे।

**1880** – अचंत लक्ष्मीपति - आयुर्वेदिक औषधियों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रसिद्ध थे।

**1839** – जमशेद जी टाटा, भारतीय उद्योगपति।

**03 मार्च को हुए निधनः-**

**1707** – औरंगजेब, भारत के मुग़ल बादशाह।

**1919** – हरि नारायण आपटे - प्रसिद्ध मराठी भाषी उपन्यासकार, नाटककार तथा कवि।

**1948** – बालकृष्ण शिवराम मुंजे - स्वतंत्रता सेनानी और हिंदू महासभा के अध्यक्ष थे।

**1982** – फ़िराक़ गोरखपुरी प्रसिद्ध उर्दू शायर।

# अमीर खुसरो-हजरत निजामुद्दीन की कब्र एक साथ क्यों?




खड़ी बोली हिंदी के पहले कवि अमीर खुसरो ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया के मुरीद थे। अबुल हसन यामुनुद्दीन अमीर खुसरो का जन्म 27 दिसंबर 1253 को उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित पटियाली गांव में हुआ था।

कई पीढ़ियों से उनका परिवार राजदरबार से जुड़ा था। बताया जाता है कि अमीर खुसरो का जन्म जिस किले अथवा हवेली में हुआ था, वह कभी राजा द्रुपद का किला था। साल 1325 में अमीर खुसरों का निधन हुआ था।

**सबकुछ देकर खरीदी हजरत की जूतीः**

पहले अमीर खुसरो मुल्तान के हाकिम के यहां काम करते थे, पर किसी कारण से उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद अपना सारा सामान ऊंटों पर लादकर वह अपने गुरु हजरत निजामुद्दीन से मिलने दिल्ली जा रहे थे। इसी बीच हजरत निजामुद्दीन के पास एक गरीब आया और कहा कि उसकी लड़की की शादी तय हुई है और कुछ मदद कर दें। हजरत के पास उस समय कुछ नहीं था, इसलिए उसे अगले दिन बुलाया। दूसरे दिन भी हजरत को कुछ नहीं मिला तो उसे तीसरे दिन और फिर चौथे दिन बुलाया। तब भी कुछ नहीं मिला तो उन्होंने उस गरीब को अपनी जूती दे दी। इससे गरीब मायूस होकर चला।

उधर, खुसरो हजरत की ओर आ रहे थे तो रास्ते में उनको अपने पीर की खुशबू महसूस हुई। जब जूती ले जा रहा गरीब खुसरो के पास से गुजरा तो वह समझ गए कि उसी के पास से खुशबू आ रही है। उसे रोककर पूछताछ की तो सारी बात पता चल गई। इस पर खुसरो ने उससे पूछा कि क्या आप इस जूती को बेचेंगे। उसने जवाब दिया कि आप ऐसे ही ले लें पर खुसरो ने अपने, पत्नी और दो बच्चों के लिए एक-एक ऊंट रखा और बाकी सब ऊंट और सारा सामान उसे दे दिया। वह व्यक्ति खुशी-खुशी चला गया।

**हजरत ने कहा, इसकी कब्र मेरी कब्र के बगल में बनानाः**

खुसरो दिल्ली पहुंचे और औलिया के कदमों में अपनी जूती रख दी। हजरत के पूछने पर खुसरो ने बताया कि जूती के बदले उनको क्या-क्या देना पड़ा। इसी पर हजरत ने कहा था कि इसकी (खुसरो) की कब्र मेरी कब्र के बगल में बनाना। आज दिल्ली स्थित हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह के सामने ही लाल पत्थर से अमीर खुसरो का मकबरा बना हुआ है। बताया जाता है कि अमीर खुसरो का जन्म जिस किले अथवा हवेली में हुआ था, वह कभी राजा द्रुपद का किला था। साल 1325 में अमीर खुसरों का निधन हुआ था।

**आधुनिक हिंदी का जन्मदाताः**

खुसरो को ही खड़ी बोली हिंदी का जन्मदाता कहा जाता है। वह पहले मुस्लिम कवि हुए, जिन्होंने हिंदी के शब्दों का खूब इस्तेमाल किया था। खुसरो को हिंद का तोता भी कहा जाता है, जिन्होंने हिंदी, हिंदवी और फ़ारसी जैसी भाषाओं में एक साथ लेखन किया। खड़ी बोली में लिखीं उनकी कविताएं और मुकरियां आज भी खूब प्रसिद्ध हैं। उनकी रची पहेलियां आज भी पूछी जाती हैं। उन्होंने फारसी-हिन्दी कोश खालिकबारी की रचना की। मान्यता है कि खुसरो ने ही हिंदी (खड़ी बोली) की पहली कविता रची, जिसके अधिकतर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी के हैं। अवधी, ब्रज आदि बोलियों का भी हिंदी में मिश्रण है तो इसका श्रेय भी अमीर खुसरो को जाता है।

**सूफी प्रेम के कविः**

खुसरो सूफियाना प्रेम के अद्भुत कवि थे। आज से सात सौ साल पहले ही उन्होंने प्रेम की अद्वितीय परिभाषा गढ़ी। वह लिखते हैं, खुसरो दरिया प्रेम का वाकी उल्टी धार, जो उबरा सो डूब गया जो डूबा सो पार। इस दोहे में अमीर खुसरो कहते हैं कि प्रेम एक ऐसा सागर है, जिसकी धार उलटी होती है। जो इस प्रेम रूपी दरिया से अलग है वह संसार रूपी भवसागर में डूब जाता है। इस प्रेम की दरिया में डूबने वाला संसार से पार हो जाता है।

# आईडीबीआई बैंक में जूनियर असिस्टेंट मैनेजर की निकली भर्ती




आईडीबीआई बैंक ने जूनियर असिस्टेंट मैनेजर की भर्तियां निकाली हैं, कुल 650 पदों पर होने वाली इस भर्ती के लिए आवेदन करने की लास्ट डेट 12 मार्च है।

**पात्रता मानदंड क्या हैं?:**

शैक्षणिक योग्यता- जो उम्मीदवार इन पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए।

**उम्र सीमाः** उम्मीदवार की उम्र सीमा 20 से 25 साल के बीच होनी चाहिए यानी उम्मीदवार का जन्म 01 मार्च 2000 से पहले और 01 मार्च 2005 के बाद नहीं हुआ होना चाहिए।

**आवेदन शुल्क कितना है?:**

सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 1050 रुपये है, जबकि एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को 250 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा। शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड (रुपे/वीजा/मास्टरकार्ड/मेस्ट्रो), क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड/मोबाइल वॉलेट का उपयोग करके किया जा सकता है।

**कैसे करें आवेदन?:**

सबसे पहले आईडीबीआई बैंक की आधिकारिक वेबसाइट idbibank.in पर जाएं।

**चयन प्रक्रिया क्या है?:**

इस भर्ती के माध्यम से मणिपाल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई (बेंगलुरु) और निट्टे एजुकेशन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (ग्रेटर नोएडा) में आईडीबीआई-पीजीडीबीएफ में कैंडिडेट्स को एडमिशन मिलेगा, जहां उन्हें 6 महीने क्लास करनी होगी और उसके बाद उनकी 2 महीने की इंटर्नशिप चलेगी। फिर आईडीबीआई बैंक के किसी ब्रांच में 4 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग होगी। इन पदों के लिए चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन टेस्ट और इंटरव्यू शामिल है। ऑनलाइन टेस्ट में ऑब्जेक्टिव टाइप के सवाल पूछे जाएंगे और इस परीक्षा में निगेटिव मार्किंग भी होगी यानी प्रत्येक गलत उत्तर के लिए निर्धारित अंकों में से एक चौथाई यानी 0.25 अंक काट लिए जाएंगे। ऑनलाइन टेस्ट में पास होने वाले उम्मीदवारों को फिर इंटरव्यू में शामिल होना होगा।

**कितनी मिलेगी सैलरी?:**

6 महीने के ट्रेनिंग पीरियड के दौरान कैंडिडेट्स को हर महीने 5 हजार रुपये स्टाइपेंड के तौर पर मिलेंगे, जबकि 2 महीने के इंटर्नशिप पीरियड में 15 हजार रुपये महीना और जूनियर असिस्टेंट मैनेजर के पद पर बैंक ज्वाइन करने के बाद उन्हें सालाना 6.14 लाख से 6.50 लाख रुपये सैलरी मिलने लगेगी।

# टीसीएस मैनेजर और पत्नी ने 3 लिखित समझौते किए थे

## मानव ने कहा था- बॉयफ्रेंड से बात नहीं करोगी, निकिता का जवाब- जैसा तुम कहो

**आगरा**: 'हमारी शादी को एक साल से ज्यादा हो चुका है। निकिता मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं। जिंदगी भर तुम्हारे साथ रहना चाहता हूं। तुम अपने पास्ट को भूल जाओ और अपने बॉयफ्रेंड से बातचीत करना पूरी तरह बंद कर दो। हम अपनी जिंदगी नए सिरे से बिताएंगे। अब कोई अपने पास्ट के बारे में बात नहीं करेगा। अगर हमारे बीच कोई विवाद होता भी है तो हम अपने माता-पिता को बीच में नहीं लाएंगे। ये बातें आगरा में टीसीएस मैनेजर मानव ने अपनी पत्नी निकिता से कही थी। वह अपनी जिंदगी को नए सिरे शुरू करना चाहता था। शायद निकिता भी ऐसा ही चाहती थी। इसीलिए दोनों ने लिखित में 3 समझौते भी किए।

टीसीएस के रिक्रूटमेंट मैनेजर मानव ने आगरा में 24 फरवरी को सुसाइड कर लिया था। आगरा की डिफेंस कॉलोनी में मानव का शव फंदे से लटका मिला था। सुसाइड से पहले मानव ने वीडियो बनाया और अपनी पत्नी के एक्स्ट्रा मेरिटल अफेयर का खुलासा किया। मानव ने जब सुसाइड किया, तब उसकी पत्नी निकिता मायके में थी।

मानव के पिता नरेंद्र शर्मा वायुसेना से रिटायर्ड हैं। उन्होंने निकिता, उसके माता-पिता और 2 बहनों के खिलाफ एफआईआर कराई है। आरोप लगाया है- 23 फरवरी को जब मानव निकिता को उसके मायके छोड़ने के लिए गया, तब निकिता के परिवार ने उसको धमकाया।

कहा- तलाक नहीं लेने देंगे। अब तुम्हारे मां-बाप को जेल भिजवा देंगे। वहीं सड़ोगे तुम लोग। इसके बाद मानव डिप्रेशन में चला गया। आखिरकार उसने सुसाइड कर लिया। अब पुलिस मानव और निकिता के परिवार वालों से बयान दर्ज करवा रही है। अब जानिए... मानव और निकिता के बीच विवाद कैसे बढ़ा

मानव शर्मा और निकिता की शादी 30 जनवरी, 2024 में हुई थी। जनवरी, 2025 तक दोनों के जीवन में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। निकिता ने अपने पास्ट के बारे में मानव को कुछ बताया था, जिसे वह भुला चुका था। लेकिन, जनवरी के आखिर में उसके इंस्टाग्राम पर निकिता के बारे में एक डीएम (डायरेक्ट मैसेज) आया।





पुलिस जांच में सामने आया है कि मैसेज में निकिता के कैरेक्टर के बारे में कुछ लिखा गया था। मानव उसके बाद निकिता के बारे में पता लगाने में जुट गया, जिसने उसे मैसेज किया था। मानव ने उससे बातचीत शुरू की। धीरे-धीरे उसे निकिता के पास्ट के बारे में जितना पता था, उससे कहीं ज्यादा बातें पता चलीं। उसके कुछ ब्वॉयफ्रेंड के बारे में जानकारी मिली, जिससे उसके रिलेशन थे।

यहीं से मानव टूटने लगा। उसने ये सारी बातें अपनी बहन को बताईं। बहन आकांक्षा ने उन दोनों को समझाया, फिर से नई जिंदगी शुरू करने की सलाह दी। मानव ने भी इस बात को मान लिया। उसने निकिता के साथ नई जिंदगी शुरू करने का फैसला लिया।

बहन आकांक्षा के अनुसार, मानव निकिता को बहुत चाहता था। इसके बाद ही उन दोनों ने आपस में बातचीत करके एक लिखित में समझौता तैयार किया। इसमें दोनों ने अपनी-अपनी जिंदगी बिताने की शर्तें लिखीं।

जानिए दोनों के बीच क्या समझौते हुए थे?

**1. पुरानी बातों को भूल जाएंगे, उसका कोई जिक्र नहीं करेगा**

**मानव** : हम दोनों अपने पास्ट के बारे में एक-दूसरे से बात नहीं करेंगे। लेकिन, तुम भी यह साफ करो कि अपने ब्वॉयफ्रेंड से कोई बात नहीं करोगी।

**निकिता** : मानव, मैं तुम्हें बहुत प्यार करती हूं। मैंने तुमसे जितनी भी बातें छिपाईं, बस इसी डर से कि मैं तुम्हें खो न दूं। अब तुम जो कहोगे, उसी के अनुसार जिंदगी चलेगी। मैं अपने किसी दोस्त से बात नहीं करूंगी। न तुम्हारी मर्जी के बिना कहीं जाऊंगी। मैं तुम्हारे साथ नई जिंदगी शुरू करूंगी।

**2. दहेज या किसी और केस में हमें नहीं फंसाओगी**

**मानव** : अगर हमारे बीच किसी प्रकार का कोई विवाद होता भी है, तो हम अपने माता-पिता को कतई नहीं बताएंगे। न ही तुम मेरे माता-पिता को किसी प्रकार के दहेज जैसे मामले में फंसाने की धमकी दोगी। न उन्हें कभी फंसाने की कोशिश करोगी।

**निकिता** : मानव तुम्हारा परिवार बहुत अच्छा है। उन्होंने मेरे पिता से बिना किसी दहेज के शादी की। तुम्हारे पिताजी मुझे बेटी की तरह मानते हैं। पूरा परिवार मुझे ऐसे ही प्यार करता है। तुमने मुझे जैसी जिंदगी दी, वह मुझे कभी हासिल नहीं थी।

**3. तुम्हारे घर वाले हमारे जीवन में दखलंदाजी नहीं करेंगे**

**मानव** : हम अपना जीवन एक-दूसरे के सहारे बिताएंगे। तुम्हारी पुरानी बातें या किसी भी मामले को लेकर तुम्हारे घर वाले हमारी जिंदगी में दखल नहीं देंगे।

**निकिता** : मैं अपने परिवार को अब तक हुई किसी भी बात के बारे में नहीं बताऊंगी। यहां तक कि मैं बिना तुम्हारे साथ अपने घर भी नहीं जाऊंगी।

मेरे भाई ने भाभी को पलकों पर रखा, इसलिए वो छोड़ना नहीं चाहती थीमानव की बहन आकांक्षा का कहना है- निकिता को मानव ने लग्जरी लाइफ दी। मुंबई में वो हीरानंदानी अपार्टमेंट में रहता था। निकिता की हर डिमांड पूरी करता था। निकिता और उसके घरवाले भी इस बात को जानते थे।

तभी तो जब मानव ने तलाक लेने की बात कही, तो उसको धमकाया गया। निकिता के घरवालों ने उसे फंसाने की धमकी दी थी। घरवालों को पता था कि उनकी बेटी को ऐसी लग्जरी लाइफ नहीं मिल सकती।

# कांग्रेस नेता हिमानी की मां का अंतिम संस्कार से इनकार



**रोहतक**: 22 वर्षीय कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या के बाद उनकी मां ने शव लेने से इनकार कर दिया है। साथ ही उन्होंने पार्टी के लोगों पर ही हत्या का शक जताया है। बता दें कि शनिवार सुबह हिमानी का शव रोहतक के सांपला बस स्टैंड पर एक सूटकेस में मिला था।

बॉडी सफेद सूट में थी और गले पर काली चुन्नी लिपटी हुई थी, हाथों में मेहंदी थी। पुलिस के मुताबिक, हिमानी 3 दिन से लापता थी और किसी शादी में गई थी। पिछले 5 महीने से हिमानी रोहतक में विजयनगर स्थित अपने पुश्तैनी मकान में अकेली रह रही थी। आज हिमानी के शव का पोस्टमॉर्टम होना है, इससे पहले आज उनकी मां भी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंच गईं। जहां पर उन्होंने पुलिस की जांच के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी पर सवाल खड़े किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि हिमानी की हत्या में पार्टी का भी कोई व्यक्ति शामिल हो सकता है क्योंकि कई लोग बेटी की तरक्की से जलते थे। साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा तब तक वो हिमानी का अंतिम संस्कार नहीं होने देंगी। अनिल विज बोले- कांग्रेसियों की आदत

वहीं, इस मामले पर हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "कांग्रेस के लोग पहले भी ऐसा करते आए हैं। जल्दी तरक्की करने के लिए दूसरों को पीछे ढकेलना कांग्रेस की पुरानी आदत है। पुलिस गहराई से इसकी जांच कर रही है।"

**25 किमी दायरे में सीसीटीवी की जांच जारी**:

एसएचओ बिजेंद्र सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे नंबर-9 पर रोहतक से रोहद टोल प्लाजा तक 25 किलोमीटर के एरिया में ही हत्यारों की तलाश में होटल व ढाबों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। पुलिस मकान से लेकर सांपला बस स्टैंड तक रास्ते में पड़ने वाले सीसीटीवी को चेक कर रही है।

**'पार्टी छोड़ना चाहती थी बेटी, चुनाव के बाद नाराज थी'**:

हिमानी की मां ने मीडिया से कहा कि "राहुल गांधी के साथ जम्मू कश्मीर तक हमारी बेटी पैदल चली, लेकिन अब कोई हमारा साथ नहीं दे रहा है। मेरे बड़े बेटे की 2011 में हत्या कर दी गई और हमें कभी न्याय नहीं मिला। इसलिए, मैं दूसरे बेटे की जान बचाने के लिए बीएसएफ कैंप ले गई। इसी दौरान उन्होंने आगे कहा कि "चुनाव के बाद, हिमानी पार्टी से थोड़ा निराश हो गई थी। उसने कहा कि उसे नौकरी चाहिए और वह पार्टी के लिए ज्यादा काम नहीं करना चाहती। वह पिछले 10 सालों से कांग्रेस से जुड़ी हुई थी। वह शादी करने के लिए भी राजी हो गई थी।"

**'27 फरवरी को बात हुई थी 28 को मोबाइल बंद मिला'**:

सविता ने कहा कि "रविवार को पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर का फोन आया था। उसने बेटी की हत्या के बारे में बताया। इसके बाद मैं सीधे दिल्ली से आई। 27 की रात को भी हिमानी से बात हुई थी। 28 को बात नहीं हुई, फोन मिलाया तो उसका फोन बंद दिखाने लगा।

**'हिमानी को हुड्डा के रोड शो में जाना था'**:

हिमानी के 28 फरवरी को शादी में जाने की बात पर उसकी मां सविता ने कहा- इस बारे में हिमानी ने मुझे नहीं बताया। 28 को काठमंडी में रोड शो था, यहां हुड्डा साहब आने वाले थे, उसे उसमें जाना था। बेटी का बहुत बड़ा सर्कल था। पार्टी के लोग कई बार घर भी आते थे। मेरी मेरी बेटी ने राजनीति करने वालों के लिए बहुत कुछ किया है। सरकार और प्रशासन ढूंढ़े कि बेटी का कातिल कौन है।

**'कुछ लोग उसे राजनीतिक दलदल में फंसाना चाहते थे'**:

सविता ने आगे कहा, "बेटी साफ सुथरी राजनीति करना चाहती थी, लेकिन कुछ लोग उसे राजनीति के दलदल में फंसाना चाहत थे, तो वह उनको जवाब देते हुए कहती थी कि- मैं कमाती हूं, खर्च करती हूं, किसी के आगे कभी हाथ नहीं फैलाया।

किसी के दबाव में नहीं रहूंगी। परेशानी होती थी तो वो मुझे बता दिया करती थी। कांग्रेस सरकार के जो बड़े हैं, वे बहसबाजी कर लिया करते थे। कहती थी मैं कभी कॉम्प्रोमाइज नहीं करुंगी। जो गलत है तो गलत है, जो सही है तो उसे सही ही कहूंगी।"

# कर्नाटक के डिप्टी सीएम बोले- हिंदू पैदा हुआ, हिंदू ही मरूंगा

**कर्नाटक**: डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने तमिलनाडु स्थित ईशा योग सेंटर में महाशिवरात्रि समारोह में शामिल होने पर सफाई दी है। उन्होंने कहा- मैं हिंदू के रूप में जन्मा था और हिंदू के रूप में मरूंगा।

शिवकुमार ने कहा, 'सद्गुरु कर्नाटक से हैं। वह कावेरी जल के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने आकर मुझे व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया था। वह महान काम कर रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक और नेता वहां थे इसलिए, मैं वहां गया। यह मेरी व्यक्तिगत आस्था है।'

उन्होंने कहा कि, 'मेरे निर्वाचन क्षेत्र में यीशु की 100 फीट ऊंची मूर्ति है। निर्माण स्थानीय लोगों ने करवाया। तब भाजपा ने मुझे 'येसुकुमार' कहा था। मैं सभी धर्मों, जातियों में विश्वास करता हूं। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा समाज में सभी को एक साथ लेकर चलने की है, इसलिए कुछ लोगों को यह पसंद हो सकता है, कुछ को पसंद नहीं।'

शाह के साथ मंच शेयर करने पर मंत्री ने उठाए सवाल 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर कोयंबटूर में ईशा योग सेंटर में एक कार्यक्रम हुआ था। इसमें गृह मंत्री अमित शाह आए थे। कर्नाटक के डिप्टी सीएम भी इसमें गए। इस पर कर्नाटक के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने कहा था कि राहुल गांधी की आलोचना करने वालों के साथ शिवकुमार मंच कैसे साझा कर सकते हैं?

राजन्ना ने मीडिया से कहा था कि, 'सद्गुरु ने खुद कहा था कि वह राहुल गांधी को नहीं जानते? शिवकुमार मुझसे बेहतर जानते हैं कि लोकसभा में हमारे नेता के बारे में क्या कहा जाता है। अब उन्हें ही जवाब देना चाहिए कि ऐसे लोगों के साथ मंच साझा करना कितना उचित है।'

कांग्रेस सचिव बोले- वे राहुल का मजाक उड़ाने वालों के साथ



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सचिव पीवी मोहन ने शिवकुमार की कोयंबटूर यात्रा पर निशाना साधा। पीवी मोहन ने सोशल मीडिया पर लिखा- शिवकुमार एक ऐसे व्यक्ति के निमंत्रण पर गए, जो राहुल गांधी का मजाक उड़ाता है।

तब पीवी मोहन के आरोपों का जवाब देते हुए शिवकुमार ने कहा- मैं एक हिंदू हूं। मैं एक हिंदू के रूप में पैदा हुआ हूं और मैं एक हिंदू के रूप में मर जाऊंगा, लेकिन मैं सभी धर्मों से प्यार करता हूं और उनका सम्मान करता हूं।

**1. योगी सरकार का कुंभ का आयोजन सराहनीय**: महाकुंभ के बारे में मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। जिस तरह से उन्होंने (योगी सरकार) इसे आयोजित किया, मैं उसकी सराहना करता हूं। यह कोई छोटा काम नहीं है। यहां-वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं। ट्रेनों के कारण भी समस्याएं हो सकती हैं। मुझे खामियां निकालना पसंद नहीं है। यह बहुत संतोषजनक है।

**2. भाजपा से किसी तरह की साठगांठ नहीं**: भाजपा के साथ साठगांठ के आरोपों का जवाब देते हुए शिवकुमार ने इसे अपने खिलाफ साजिश बताया। उन्होंने कहा, "कांग्रेस पार्टी में सभी को साथ लेकर चलने का सिद्धांत है। महात्मा गांधी, नेहरू और इंदिरा गांधी ने भी यही किया। मैंने सोनिया गांधी को उगादि उत्सव मनाते देखा है। उन्होंने भारतीयता को अपनाया है।'

कांग्रेस नेता और शिवकुमार के भाई ने समर्थन किया कांग्रेस के पूर्व सांसद डीके सुरेश ने अपने भाई शिवकुमार का बचाव किया। उन्होंने कहा- जब भी शिवकुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की, उन्होंने पार्टी आलाकमान को पहले ही जानकारी दी। उन्होंने ईशा फाउंडेशन के महाशिवरात्रि कार्यक्रम में शामिल होने की सूचना भी पार्टी को दी थी।

कर्नाटक में 2023 से शिवकुमार बनाम सिद्धारमैया कर्नाटक में कांग्रेस और डी शिवकुमार के बीच काफी समय से अनबन की खबरें रही हैं। इसकी शुरुआत 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव से शुरू हुई थी। कांग्रेस की शानदार जीत के बाद शिवकुमार मुख्यमंत्री पद की रेस में सिद्धारमैया से काफी आगे थे। बाद में उन्हें पीछे हटना पड़ा।

कई दिनों की मान-मनौव्वल के बाद शिवकुमार ने प्रदेश अध्यक्ष का पद बरकरार रखते हुए उपमुख्यमंत्री पद के लिए समझौता किया। उस समय सत्ता-साझाकरण समझौते की खबरें थीं, जिसके तहत शिवकुमार को ढाई साल बाद सीएम पद मिल जाता।

# 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली**: दिल्ली में 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को 31 मार्च से पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को यह ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'इस फैसले की जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को जल्द दी जाएगी। हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा।'

**ये फैसले भी लिए**:

शहर की सभी ऊंची इमारतों, होटलों पर एंटी-स्मॉग गन लगाना कंपल्सरी किया गया है। ये नियम पहले से ही है। अब सख्ती से लागू किया जाएगा।

दिल्ली में लगभग 90% पब्लिक सीएनजी बसों को दिसंबर 2025 तक सिस्टेमेटिक तरीके से हटा दिया जाएगा। इनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।

दिल्ली को मार्च में मिलेंगी 1 हजार इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा- मार्च में दिल्ली को एक हजार से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। उन्होंने ये भी कहा कि दिल्ली का परिवहन क्षेत्र वर्तमान में 235 करोड़ रुपए के घाटे में चल रहा है।

उन्होंने कहा-सरकार एक रिकवरी प्लान पर काम कर रही है और उसका लक्ष्य एक साल के भीतर इस क्षेत्र को मुनाफे में लाना है। हमें सार्वजनिक परिवहन में सुधार करने की आवश्यकता है ताकि लोग निजी वाहनों पर कम निर्भर हों। हमारा पहला कदम दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसें शुरू करना होगा, इसके बाद परिवहन नेटवर्क को




मजबूत करने के लिए और सुधार किए जाएंगे।

दिल्ली की हवा हर रोज 38 सिगरेट पीने जितनी, पॉल्यूशन से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा नवंबर 2013 में दिल्ली में औसतन प्रदूषण का लेवल 287 एयर क्वालिटी इंडेक्स था। नवंबर 2024 में प्रदूषण का लेवल औसतन 500 एयर क्वालिटी इंडेक्स से ऊपर पहुंचा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2013 में एक व्यक्ति औसतन 10 सिगरेट जितना धुआं प्रदूषण के जरिए अपने अंदर ले रहा था। 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 38 सिगरेट तक पहुंचा।

जब हम सांस लेते हैं तो हवा में मौजूद पॉल्यूटेंट्स भी हमारे फेफड़ों में समा जाते हैं। ये हमारी ब्लड स्ट्रीम में प्रवेश कर सकते हैं और खांसी या आंखों में खुजली पैदा कर सकते हैं। इससे कई रेस्पिरेटरी और लंग्स से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी हो सकता है। कई बार तो यह कैंसर की वजह भी बन सकता है। अब लगातार नई स्टडीज में सामने आ रहा है कि इससे ब्रेन की फंक्शनिंग भी प्रभावित होती है। लैंसेट न्यूरोलॉजी जर्नल में पब्लिश ग्लोबल स्टडी के मुताबिक, वायु प्रदूषण सबराकनॉइड हैमरेज यानी एसएएच की बड़ी वजह है। इसमें पता चला है कि साल 2021 में सबराकनॉइड हैमरेज के कारण होने वाली लगभग 14% मौतों और विकलांगता के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार है। यह स्मोकिंग से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है।

**एयर क्वालिटी इंडेक्स का क्या मतलब है?**:

एयर क्वालिटी इंडेक्स एक तरह का टूल है, जो यह मापता है कि हवा कितनी साफ और स्वच्छ है। इसकी मदद से हम इस बात का भी अंदाजा लगा सकते हैं कि इसमें मौजूद एयर पॉल्यूटेंट्स से हमारी सेहत को क्या नुकसान हो सकते हैं।

एयर क्वालिटी इंडेक्स मुख्य रूप से 5 सामान्य एयर पॉल्यूटेंट्स के कॉन्सन्ट्रेशन को मापता है। इसमें ग्राउंड लेवल ओजोन, पार्टिकल पॉल्यूशन, कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड शामिल हैं। आपने एयर क्वालिटी इंडेक्स को अपने मोबाइल फोन पर या खबरों में आमतौर पर 80, 102, 184, 250 इन संख्याओं में देखा होगा। इन अंकों का क्या मतलब होता है, ग्राफिक में देखिए।

एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार पहुंचने पर ग्रैप लगाया जाता है हवा के प्रदूषण स्तर की जांच करने के लिए इसे 4 कैटेगरी में बांटा गया है। हर स्तर के लिए पैमाने और उपाय तय हैं। इसे ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) कहते हैं।

# जन्मदिन पर स्टालिन का संकल्प, हिंदी थोपने का विरोध करूंगा

**तमिलनाडु**: मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को अपना 72वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उन्होंने कहा- मैं जन्मदिन पर संकल्प लेता हूं कि हिंदी भाषा को थोपने का विरोध करूंगा। केंद्र सरकार क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के नाम पर ट्राई लैंग्वेज पॉलिसी लागू कर रही है। असल में यह पॉलिसी गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी थोपने की साजिश है। स्टालिन ने पंजाब और तेलंगाना की सराहना की कि उन्होंने स्कूलों में पंजाबी और तेलुगु को अनिवार्य किया है। साथ ही कहा कि दोनों राज्यों ने केंद्र की बीजेपी सरकार के इस झूठ को उजागर किया है कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत ट्राई लैंग्वेज पॉलिसी को क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने और फैलाने के लिए लागू किया जा रहा है।

स्टालिन ने कहा- पंजाब और तेलंगाना सरकारों की घोषणा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह अपनी प्रमुख भाषाओं की पहचान करने और उनके (केंद्र सरकार) जाल में फंसने से बचने का तरीका है। तमिलनाडु की तरह ही हर राज्य को अपनी मातृभाषा बचाने के लिए ऐसा करना चाहिए।

तमिलनाडु सीएम स्टालिन ने कहा- आपकी जन्मदिन की शुभकामनाओं ने मुझे और अधिक संकल्पबद्ध होकर काम करने और तमिल जाति और भाषा की रक्षा के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। इस जन्मदिन पर मैं प्रमुख भाषा को थोपने से रोकने और तमिल भाषा को बचाने का संकल्प लेता हूं।

पीएम मोदी, राष्ट्रपति ने स्टालिन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी सीएम स्टालिन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आरएन रवि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन




को जन्मदिन की शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें लंबी और स्वस्थ जिंदगी दे। वहीं राहुल गांधी ने कहा, मेरे भाई और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हम भारत की विविधता, संघीय ढांचे और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए साथ खड़े हैं।

भाजपा ने 05 मार्च की सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार किया इन सबके बीच, तमिलनाडु भाजपा ने 05 मार्च को स्टालिन की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार किया है। इसमें तमिलनाडु पर परिसीमन प्रक्रिया के संभावित प्रभाव पर चर्चा होनी थी। तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा, आप लोगों को अपनी जानकारी का सोर्स देने में असफल रहे कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया किया जाएगा। चूंकि यह आपकी ओर से फैलाया गया एक काल्पनिक और निराधार डर है, ऐसे में हमने इसमें भाग नहीं लेने का निर्णय किया है।

**तमिलनाडु में कैसे शुरू हुआ ट्राई लैंग्वेज वॉर**: धर्मेंद्र प्रधान ने 15 फरवरी को वाराणसी के एक कार्यक्रम में तमिलनाडु की राज्य सरकार पर राजनीतिक हितों को साधने का आरोप लगाया था।

**धर्मेंद्र प्रधान के बयान के बाद तमिलनाडु के सीएम और डिप्टी सीएम के बयान**: 18 फरवरी को उदयनिधि स्टालिन बोले- केंद्र लैंग्वेज वॉर शुरू न करें चेन्नई में डीएमके की रैली में उदयनिधि स्टालिन ने कहा- "धर्मेंद्र प्रधान ने हमें खुलेआम धमकी दी है कि फंड तभी जारी किया जाएगा जब हम तीन-भाषा फॉर्मूला स्वीकार करेंगे। लेकिन हम आपसे भीख नहीं मांग रहे हैं। जो राज्य हिंदी को स्वीकार करते हैं, वे अपनी मातृभाषा खो देते हैं। केंद्र लैंग्वेज वॉर शुरू न करें।

25 फरवरी को एमके स्टालिन बोले- हम लैंग्वेज वॉर के लिए तैयार हैं तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने कहा- केंद्र हमारे ऊपर हिंदी न थोपे। अगर जरूरत पड़ी तो उनका राज्य एक और लैंग्वेज वॉर के लिए तैयार है। 23 फरवरी को शिक्षा मंत्री ने स्टालिन को लेटर लिखा था ट्राई लैंग्वेज विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन को लेटर लिखा था। उन्होंने राज्य में हो रहे नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) के विरोध की आलोचना की। उन्होंने लिखा, 'किसी भी भाषा को थोपने का सवाल नहीं है। लेकिन विदेशी भाषाओं पर अत्यधिक निर्भरता खुद की भाषा को सीमित करती है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) इसे ही ठीक करने का प्रयास कर रही है। एनईपी भाषाई स्वतंत्रता को कायम रखती है और यह सुनिश्चित करती है कि स्टूडेंट अपनी पसंद की भाषा सीखना जारी रखें।'

# पंजाब की पवित्र धरती पर अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं : मान

## जहानखेला में 2490 पुलिस कर्मचारियों की पासिंग आउट परेड में शामिल हुए सीएम

**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, होशियारपुर (दलजीत अजनोहा) :** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंजाब की पवित्र धरती पर गैंगस्टरों, तस्करों, अपराधियों और अन्य समाज विरोधी तत्वों के लिए कोई जगह नहीं है और जल्द ही इन्हें राज्य से साफ कर दिया जाएगा। पंजाब के होशियारपुर में 2490 सिपाहियों की पासिंग आउट परेड के दौरान मुख्यमंत्री मान ने कहा कि दुर्भाग्य से पिछली सरकारों की सरपरस्ती में तस्करों, गैंगस्टरों और अन्य अपराधियों ने राज्य को अपना अड्डा बना लिया था। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने अब इन देश विरोधी तत्वों को नकेल डालने के लिए अभियान शुरू कर दिया है और ये जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती राज्य होने के कारण दुश्मन ताकतें राज्य की शांति को भंग करने के नापाक मंसूबे बना रही हैं लेकिन पंजाब पुलिस ने हमेशा ऐसी कोशिशों को नाकाम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य को दरपेश बड़ी चुनौतियों पर काबू पाने के लिए यह जरूरी है कि पुलिस बल को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आधुनिक जरूरतों के अनुसार अपडेट किया जाए। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि पंजाब पुलिस पूरी तन्मयता से लोगों की सेवा करने की शानदार विरासत को कायम रखेगी।

नए पुलिस कर्मचारियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनके लिए महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि वे पुलिस परिवार का अभिन्न अंग बन गए हैं। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी पूरी लगन, मेहनत और वचनबद्धता के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया, जिससे राज्य की तरक्की और यहां





के लोगों की खुशहाली में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि आम लोगों की मुश्किलों को दूर करने और उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए पुलिस को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 से अब तक पुलिस बल को अपडेट करने के लिए 10,000 से अधिक युवाओं को नियुक्त किया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब पुलिस में 10,000 नए सिपाहियों की भर्ती करने का भी फैसला किया है, जिसके लिए जल्द ही कैबिनेट द्वारा आवश्यक हरी झंडी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य की पुलिस बल को वैज्ञानिक आधार पर अपग्रेड करने के लिए वचनबद्ध है ताकि अपराधियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और कीमती जानें बचाने के लिए देश में अपनी तरह की अनूठी पहल के तहत समर्पित सड़क सुरक्षा बल की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि लड़कियों सहित विशेष रूप से प्रशिक्षित नए भर्ती किए गए 1597 जवान इस बल की रीढ़ की हड्डी के रूप में काम कर रहे हैं, जिन्हें आधुनिक 144 वाहन मुहैया कराए गए हैं और पिछले साल फरवरी में इसकी शुरुआत के बाद राज्य में हादसों के कारण होने वाली मौतों में 48.10 प्रतिशत की कमी आई है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि सड़क हादसों के खतरे वाले 4200 किलोमीटर हाईवे पर बल तैनात किया गया है, जो निर्धारित क्षेत्रों में गश्त करने के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को रोकने के लिए काम करता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी भारत की संसद में राज्य सरकार की इस पहल की सराहना की थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़े गर्व और संतोष की बात है कि 155 एकड़ में फैला जहानखेला कैंपस अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं से लैस है। उन्होंने कहा कि इस कारण ही दूसरे राज्यों की बलें यहां पुलिस प्रशिक्षण लेने के लिए आती हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अपराध का तरीका बदल गया है, इसलिए पंजाब पुलिस को अपडेट किया जा रहा है, जिसके लिए यहां विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब ये युवा सरकार का अभिन्न अंग बन चुके हैं और अब मिशनरी जज्बे के साथ लोगों की सेवा करनी चाहिए। भगवंत मान ने उम्मीद जताई कि नए भर्ती हुए युवा अपनी कलम का उपयोग समाज के जरूरतमंद और पिछड़े वर्गों की मदद के लिए करेंगे। उन्होंने कहा कि नए भर्ती हुए युवाओं को अधिक से अधिक लोगों की भलाई सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके।

## पटेल कॉलेज में करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार पर कार्यशाला आयोजित



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, राजपुरा (विशेष डैहरा/राजेश डैहरा):** स्थानीय पटेल मेमोरियल नेशनल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. चंद्र प्रकाश गांधी और पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी राजपुरा के निदेशक प्रो. राजीव बहिया के नेतृत्व में करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार विषय पर तीन दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला पीआईबीएम पुणे के सहयोग से आयोजित की गई जिसमें कॉलेज के लगभग 172 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पीआईबीएम के वक्ताओं ने पहले दिन भाषा कौशल, दूसरे दिन नई नौकरी शुरू करने की तकनीक और तीसरे दिन तर्क तकनीक पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। इसके बाद छात्रों ने नौकरी की तैयारी और आवश्यक कौशल के बारे में कई प्रश्न पूछे। इस कार्यशाला का कुशल नेतृत्व प्रोफेसर संदीप कुमार, मंजू बाला और रोहित पाहुजा ने किया। प्रो संदीप कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य आज के समय में उनकी रोजगार क्षमता में सुधार लाना है। कार्यशाला को तीन दिनों तक छात्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस कार्यशाला में डॉ. मनदीप सिंह, डा. जयदीप सिंह, डा. नवनीत कौर, प्रो. एकांत गुप्ता, प्रो. नितिका सेठी, प्रो. हरप्रीत कौर एवं सभी अध्यापक उपस्थित थे।

## गांव बड्डों में गुरु दी गोलक संस्था ने 36वां रक्तदान शिविर लगाया



**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, होशियारपुर (दलजीत अजनोहा) :** जत्थेदार अकाली बाबा फुला सिंह जी, सिंह साहिब ज्ञानी गुरदयाल सिंह जी अजनोहा के पैतृक गांव अजनोहा की प्रमुख संस्था गरीब दा मुंह, गुरु दी गोलक संस्था अजनोहा द्वारा 36वां रक्तदान शिविर निर्मल कुटिया संत बाबा मैया दास जी, गांव बड्डों, जिला होशियारपुर में डिस्पेंसरी एवं लैबोरेटरी के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन संत बाबा गुरचरण सिंह की ओर से किया। इस अवसर पर आईएमए ब्लड बैंक होशियारपुर की टीम की ओर रक्त इकट्ठा किया जिनमें 35 महिलाओं व पुरुषों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान भाई हरविंदर सिंह खालसा अजनोहा, संत बाबा गुरचरण सिंह जी, बाबा भूपिंदर सिंह, हरदीप सिंह खालसा बद्दों, सरपंच बलविंदर सिंह बड़ों, मनप्रीत सिंह अजनोहा, गुरपाल सिंह नडालों, जगजीत सिंह बड़ों, बलवंत सिंह नडालों, भाई सरवन सिंह बड़ों, सुखवीर सिंह रिमी, नरिंदर सिंह बड़ों, राजीव भारतद्वाज बड़ों, साहिल व मनी आदि उपस्थित थे।

## नौजवान नशे का शिकार होकर परिवार का नुकसान कर रहे : दल खालसा

**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, होशियारपुर (तरसेम दीवाना) :** आयुर जीवन आयुर्वेदिक रिसर्च सेंटर द्वारा पिछले काफी समय से गाँवों, शहरों और कस्बों में नशे के कारण मौत के मुँह में जा रहे नौजवानों को नशे से छुटकारा दिलाने के लिए मुफ्त नशा छुड़ाओ कैंप लगाये जा रहे हैं।



इसी कड़ी में आज यहां गुरुद्वारा सिंह सभा, रेलवे रोड, शाहपुर में मुफ्त नशा छुड़ाओ कैंप लगाकर नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को नशे के दलदल से निकालने के लिए जागरूक किया गया। आयुर जीवन आयुर्वेदिक रिसर्च सेंटर के एमडी और दल खालसा के जिला प्रधान बलजिंदर सिंह खालसा ने बताया कि नशे और अन्य बुरी आदतों में पड़कर नौजवान अपना और देश का नुकसान कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को समाज भलाई के अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और धार्मिक व्यक्तियों को बड़े स्तर पर प्रयास करने चाहिए। दिन प्रति दिन गंभीर होती जा रही इस समस्या के समाधान के लिए पंजाब की भलाई सोचने वाली संस्थाओं को मिलकर कोई स्थायी हल निकालने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को पढ़ाई, खेलों और अन्य अच्छे व समाज भलाई से जुड़े कार्यक्रमों से जोड़ना आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण जरुरत है।

उन्होंने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे और अन्य बुरी आदतों के बारे में जागरूक करने के लिए एक अनिवार्य पीरियड होना चाहिए, जिसमें नशे के घातक प्रभावों की जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकारों को मुफ्त की योजनाएँ बंद कर युवाओं के लिए देश में ही रोजगार के अवसर पैदा करने की योजनाएँ बनानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नशे को रोकने के लिए पुलिस और जनता को एकजुट होकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग नशा छोड़ना चाहते हैं, वे अपना मन बना कर नशा छोड़ने की दवा लेने के लिए हम से 9501965267 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर औरों के अलावा डॉ. रजनीश कुमार (बी.ए.एम.एस), रोनी पाबला, तजिंदर सिंह, हरजीत सिंह जीता, सुरिंदर पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मंडी शिवरात्रि महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय कल्चरल परेड, विदेशी-भारतीय कलाकारों ने दी प्रस्तुती

**मंडी :** हिमाचल प्रदेश में मंडी में चल रहे छोटी काशी अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन अंतरराष्ट्रीय कल्चरल परेड का आयोजन हुआ। नगर और ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने परेड को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परेड उपायुक्त कार्यालय से शुरू होकर सेरी मंच और इंदिरा मार्केट परिसर से होते हुए वापस पहुंची। इसमें यूक्रेन, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया और कजाकिस्तान के कलाकारों ने हिस्सा लिया। साथ ही जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कलाकार भी शामिल हुए। हिमाचल से चंबा के पांगी और भरमौर, शिमला, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, सिरमौर के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। मंडी जिले से मांडव्य कला मंच, संगीत सदन, अमर युवक मंडल और संकल्प युवक मंडल के कलाकार भी शामिल हुए। कुल 20 सांस्कृतिक दलों ने अपनी-अपनी संस्कृति की झलक दिखाई।

मंत्री धर्माणी ने कहा कि यह आयोजन विभिन्न देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इससे देव संस्कृति की महक पूरे भारत और विदेशों तक पहुंचेगी। विदेशी कलाकारों ने अपने पारंपरिक परिधानों में नृत्य और करतब प्रस्तुत किए।



## जालंधर में नशा तस्कर के घर पर चला बुलडोजर

**जालंधर :** पंजाब में नशा तस्करों और नशा बेच कर बनाई गई संपत्ति के खिलाफ आम आदमी पार्टी की सरकार का बुलडोजर एक्शन काफी चर्चा में हैं। आज रविवार को सुबह जालंधर के फिल्लौर में नशे को लेकर मशहूर गांव खानपुर में देहात



पुलिस की टीम ने नशा तस्कर जसबीर शीरा के घर को बुलडोजर से गिरा दिया। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस फोर्स मौजूद थी। पुलिस की मौजूदगी में नशा तस्करी कर बनाई गई संपत्ति को गिरा दिया गया। इस कार्रवाई के वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बुलडोजर लेकर पहुंचे अधिकारी घर को गिराने का आदेश दे रहे हैं। नशा तस्करों के खिलाफ इस कार्रवाई की इस वक्त पूरे पंजाब में चर्चा है। सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी जा चुकी है। इसमें 4 मार्च को सुनवाई होनी है। जालंधर देहात पुलिस की एसएसपी हरकमलप्रीत सिंह खख ने कहा- पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के साथ हुई मीटिंग के बाद वॉन ऑन ड्रग्स मुहिम चलाई जा रही है।

## शिमला कॉलेज में पहुंची नैक की टीम, स्टूडेंट्स से लिया फीडबैक

**रामपुर :** शिमला के रामपुर पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) का दो दिवसीय दौरा संपन्न हो गया है। डॉ. विष्णु चरण बारिक, डॉ. जॉनी जॉनसन और डॉ. आलोक कुमार की तीन सदस्यीय टीम ने कॉलेज का निरीक्षण किया। टीम ने कॉलेज के शैक्षणिक और प्रशासनिक पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया। सभी विभागों के प्रमुखों और संकाय सदस्यों ने अपने विभागों की गतिविधियों, रिसर्च कार्यों और छात्र उपलब्धियों की प्रस्तुति दी। पूर्व छात्रों और पेरेंट्स ने भी अपने अनुभव साझा किए। नैक टीम ने कॉलेज की सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया। इनमें प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लासरूम शामिल हैं। एनसीसी, एनएसएस, रेंजर्स और रोवर्स इकाइयों से भी मुलाकात की गई। छात्रावास की छात्राओं से उनके अनुभव और



सुविधाओं पर फीडबैक लिया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया ने बताया कि टीम ने सभी सात मापदंडों पर कॉलेज का मूल्यांकन किया है। शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों से प्रशासनिक व्यवस्था और शिक्षण प्रणाली पर विचार-विमर्श किया गया। इस निरीक्षण से कॉलेज की एनएएसी प्रत्यायन प्रक्रिया को गति मिलेगी। अंतिम रिपोर्ट से संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा और मजबूत होगी।

## एसजीपीसी को डेढ़ साल से अपने चैनल का इंतजार

**अमृतसर :** पंजाब में गोल्डन टेंपल से गुरबाणी के सीधा प्रसारण के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अपने सैटेलाइट चैनल की योजना को डेढ़ साल बाद भी केंद्र सरकार की मंजूरी का इंतजार है। वर्तमान नियमों के अनुसार, पंजीकरण केवल व्यक्तिगत नाम पर ही संभव है, जो एसजीपीसी के लिए एक बाधा है। क्योंकि सिख गुरुद्वारा अधिनियम 1925 के तहत, कोई भी चीज व्यक्तिगत नाम पर ली नहीं जा सकती है। एसजीपीसी के अतिरिक्त सचिव शाहबाज सिंह ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले एसजीपीसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव से मुलाकात की थी और पंजीकरण के लिए आवेदन किया था। उन्होंने सरकार से नियमों में छूट देने का अनुरोध किया ताकि धार्मिक निकाय के नाम पर पंजीकरण संभव हो सके।

## सीएम मान ने पुलिस कर्मियों के परिवारों को एक-एक करोड़ के चेक सौंपे

**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, होशियारपुर/जहानखेला (तरसेम दीवाना) :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ड्यूटी के दौरान शहीद हुए पांच पुलिस कर्मियों के पारिवारिक सदस्यों को एक-एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के चेक सौंपे। मुख्यमंत्री ने यहां पासिंग आउट परेड के दौरान शहीद एएसआई (एल.आर.) बलविंदर सिंह, एएसआई (एलआर) नसीब चंद, एएसआई (एलआर) अनिल कुमार, हवलदार मनजिंदर सिंह और सिपाही इंद्रजीत सिंह के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये के चेक सौंपे।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में इन वीर योद्धाओं के महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान के रूप में है। देश सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिवारों की सहायता के प्रति राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता



दोहराते हुए उन्होंने कहा कि यह पंजाब सरकार का प्राथमिक कर्तव्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल देश के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाले बहादुरों के अपार योगदान के सम्मान के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि इन वीरों के परिवारों को वित्तीय सहायता देना राज्य सरकार की सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राज्य की यह पहल एक ओर शहीद परिवारों की सहायता करेगी और दूसरी ओर उनके भविष्य को सुरक्षित करने में मददगार साबित होगी। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि इससे युवा सशस्त्र बलों और पंजाब पुलिस में भर्ती होकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित होंगे।

## विधायक बलकार सिद्धू की भाषा से रामगढ़िया समुदाय नाराज, विधानसभा सदस्यता से हटाने की मांग

**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, होशियारपुर (तरसेम दीवाना):** रामपुरा फूल से आम आदमी पार्टी के विधायक बलकार सिद्धू द्वारा अपनी ही पार्टी के सीनियर नेता एवं विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां के विरुद्ध कहे गए अपशब्दों से रामगढ़िया समुदाय में रोष की लहर पैदा हो गई है। इस संबंध में रामगढ़िया सिख आर्गेनाईज़ेशन इंडिया के अध्यक्ष हरदेव सिंह कौंसिल और महासचिव भारत जगसीर सिंह धीमान ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक बलकार सिद्धू ने एक वायरल ऑडियो में रामगढ़िया समुदाय की सम्मानित शख्सियत, विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवा के खिलाफ अभद्र भाषा का



प्रयोग करके पूरे रामगढ़िया समुदाय को निशाना बनाया है। बलकार सिद्धू अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को गाली देते हुए उनकी पगड़ी व केश की बेअदबी करने की भी हिमाकत कर रहे हैं, वहीं अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं की पत्नियों के खिलाफ भी चरित्र हनन वाले शब्द कह रहे हैं, जिससे पता चलता है कि यह व्यक्ति विधायक की संवैधानिक सीट पर बैठना तो एक तरफ व सभ्य समाज में रहने के लायक भी नहीं है। रामगढ़िया सिख आर्गेनाईज़ेशन इंडिया के उपरोक्त नेताओं ने विधायक बलकार सिद्धू द्वारा की गई बेतुकी टिप्पणियों की कड़ी निंदा की हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बलकार सिद्धू के साथ-साथ पूरी आम आदमी पार्टी को पंजाब में रामगढ़िया समुदाय के जबरदस्त गुस्से का सामना करना पड़ेगा। हरदेव सिंह कौंसिल और जगसीर सिंह धीमान ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मांग की है कि वह अपने विधायकों को काबू में रखें और बलकार सिद्धू को तुरंत विधानसभा की मैंबरी से हटाया जाए। इस दौरान उन्होंने पत्रकार मनिंदरजीत सिंह सिद्धू के खिलाफ दर्ज की गई झूठी रिपोर्ट की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने मनिंदरजीत सिंह सिद्धू के खिलाफ दर्ज मामले को तुरंत रद्द करने की मांग की। इस अवसर पर गुरदेव सिंह पवार पूर्व एक्सियन महासचिव भारत, तरसेम सिंह सोखी लुधियाना, गुरसेवक सिंह कौंसल युवा नेता भी उपस्थित थे।

## चिट्टा व नशीली गोलियां बरामद

**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, होशियारपुर (दलजीत अजनोहा) :** एसएसपी संदीप कुमार मलिक, मेजर सिंह एसपी और जसप्रीत सिंह डीएसपी गढ़शंकर द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के तहत इंस्पेक्टर राजिंदर सिंह माहिलपुर, एसआई रमनदीप कौर सहित पुलिस पार्टी ने कालेवाल फत्तू टी-पॉइंट पर विशेष नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को देखते ही एक युवक ने अपने पहने हुए पजामे की दाहिनी जेब से काले रंग का एक लिफाफा निकाला और उसे सड़क के किनारे फेंक दिया। पुलिस पार्टी ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ा लिया। उसने अपना नाम सुच्चा सिंह उर्फ सुच्चा पुत्र पाल सिंह निवासी मेघोवाल, थाना माहिलपुर, जिला होशियारपुर बताया। सड़क पर फेंके गए काले लिफाफे की तलाशी ली गई तो जिसमें से 45 ग्राम चिट्टा नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

इसी तरह एएसआई गुरनेक सिंह,



थाना माहिलपुर की टीम टूटो मजारा जीटी रोड के चो के पुल पर पहुंची तो सामने से एक व्यक्ति सड़क के दूसरी ओर से माहिलपुर की तरफ पैदल आता दिखा। जो पुलिस पार्टी को देखकर कच्ची सड़क की ओर मुड़ गया। उसने अपनी जैकेट से एक सफेद लिफाफा निकालकर फेंक दिया। जब उस व्यक्ति को पुलिस ने काबू कर नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम लवप्रीत कुमार पुत्र सुभाष चंद्र निवासी बोड़ा, थाना गढ़शंकर बताया। चो में फेंके गए लिफाफे की जांच करने पर उसमें से 55 नशीली गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने आरोपीके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## तस्कर जाएंगे जेल, नशा करने वालों का होगा इलाज : बलबीर सिंह

**चंडीगढ़ :** पंजाब सरकार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही अब नशे के आदी लोगों को इस लत से बाहर निकालकर एक नया जीवन शुरू करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। सभी जिलों में नशा मुक्ति केंद्रों में स्किल सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, जहां नशा छोड़ने वालों के लिए विभिन्न कोर्स शुरू किए जाएंगे। साथ ही इंडस्ट्री से तालमेल कर उन्हें नौकरी मुहैया करवाई जाएगी। यह बात सरकार द्वारा गठित हाईपावर कमेटी के सदस्य और सेहत मंत्री बलबीर सिंह ने के नशा मुक्ति केंद्रों का दौरा करने के बाद कहीं। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों को जेल भेजा जाएगा, जबकि नशे की लत में फंसे लोगों का इलाज करवाया जाएगा और उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने परिजनों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नशे से बचाने के लिए आगे आएं और उनका सहयोग करें। इस संबंधी पोस्ट भी उन्होंने शेयर



की है। स्कूलों के आसपास नशे से जुड़ी चीजें मुफ्त में बांटी जा रही हैं, खासकर स्कूली बच्चों को नशा तस्कर इसके जाल में फंसा रहे हैं। इनमें वैपिंग और अन्य नशीले पदार्थ शामिल हैं, जो स्ट्रॉबेरी ड्रग कैंडी सहित कई नामों से बेचे जाते हैं। इसलिए, बच्चों और माता-पिता को सतर्क रहने की जरूरत है।

## मुक्तसर में नशा तस्कर की संपत्ति जब्त

**मलोट :** पंजाब के मुक्तसर में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गिदड़बाहा पुलिस ने गांव दोला के नशा तस्कर हरपाल सिंह की 10.05 लाख रुपए की संपत्ति को सील कर दिया है। एसएसपी डॉ. अखिल चौधरी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में आरोपी की संपत्ति को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के घर के बाहर नोटिस भी चिपका दिया है। एसपी (डी) मनमीत सिंह ढिल्लों के अनुसार, पहले दर्ज एनडीपीएस केस में आरोपी के पास से भारी मात्रा में नशीली गोलियां बरामद हुई थीं। जांच में पता चला कि उसने यह संपत्ति नशे के अवैध कारोबार से कमाई थी।

## आंगनबाड़ी सेंटर को अलमारी व कुर्सियां भेंट की

**स्वर्णभूमि टाइम्स न्यूज, होशियारपुर (दलजीत अजनोहा) :** रोटरी क्लब सेंट्रल होशियारपुर के प्रेस सचिव नरेश कुमार साबा ने बताया कि क्लब की तरफ से मोहल्ला जगतपुरा, रेलवे



रोड, होशियारपुर में क्लब के प्रधान विजय कुमार की प्रधानगी में आयोजित समारोह में क्लब के सहायक गवर्नर रोटेरियन भुपिंद्र कुमार मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल हुए। जिला सचिव रोटेरियन हर्षविंदर सिंह विशेष तौर पर शामिल हुए। समारोह में एक आंगनबाड़ी सेंटर को रिकार्ड रखने के लिए अलमारी तथा बच्चों के बैठने के लिए कुर्सियां आदि भेंट की गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब के रोटेरियन हर्षविंदर सिंह, राजन सैनी, जरनैल सिंह धीर पास्ट प्रैजिडेंट ने भी अपने विचार पेश किए।

# महिलाएं घर पर रख सकती हैं कितना सोना ?




**नई दिल्लीः** सवाल अभी भी यही उठता है कि क्या आप इस सीमा से अधिक आभूषण नहीं रख सकते? नियमों के मुताबिक सीमा से अधिक आभूषण रखने पर आयकर विभाग आपसे इनके स्रोत पूछ सकता है। अगर आप इस बारे में पूरा ब्योरा मुहैया करा देते हैं तो छापे की कार्रवाई के दौरान यह आभूषण जब्त नहीं किए जाने चाहिए। महिलाओं की सबसे पसंदीदा चीज की बात की जाए तो इसमें बेशक पहला नाम सोने के आभूषणों का आएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इसकी कोई तय सीमा है? क्या किसी सीमा से अधिक आभूषण रखने पर आपके खिलाफ आयकर विभाग की कार्रवाई हो सकती है? तो बता दें कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक परिपत्र में इसकी सीमा तय की है। नियमों के मुताबिक, एक विवाहित महिला 500 ग्राम सोने के गहने रख सकती है। अविवाहित महिला के लिए यह सीमा 250 ग्राम है। वहीं पुरुषों के मामले में स्थिति थोड़ी साफ है। वह चाहे विवाहित हो अथवा अविवाहित, परिवार में प्रत्येक सदस्य के लिए यह सीमा 100 ग्राम तय की गई है। यानी कि यदि आयकर विभाग छापा मारता है तो इस मात्रा तक के स्वर्ण आभूषणों को जब्त नहीं किया जा सकता। टैक्स एवं इंवेस्टमेंट एक्सपर्ट बलवंत जैन कहते हैं कि सीबीडीटी के परिपत्र से यह स्पष्ट हो गया कि निर्धारित सीमा तक के सोने की जब्ती नहीं होगी, भले ही परिवार की आय कुछ भी हो. आयकर छापे की स्थिति में तय सीमा तक की मात्रा के आभूषणों को अलग कर दिया जाएगा। वह शेष आभूषणों को ही आयकर विभाग अपने साथ ले जा सकता है। सवाल अभी भी यही उठता है कि क्या आप इस सीमा से अधिक आभूषण नहीं रख सकते? नियमों के मुताबिक सीमा से अधिक आभूषण रखने पर आयकर विभाग आपसे इनके स्रोत पूछ सकता है। अगर आप इस बारे में पूरा ब्योरा मुहैया करा देते हैं तो छापे की कार्रवाई के दौरान यह आभूषण जब्त नहीं किए जाने चाहिए।

हालांकि, ऐसा नहीं है कि निर्धारित सीमा तक आभूषण रखने पर आपसे कोई पूछताछ नहीं होगी। नियमों के मुताबिक छापे के दौरान सीमा के भीतर पाए गए आभूषणों को खरीदने के लिए जुटाई गई रकम के स्रोत का ब्योरा देना पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि जब भी आभूषण खरीदें, उसकी पक्की रसीद अपने पास सुरक्षित रखें। इसके अलावा नए आभूषणों के मेकिंग चार्ज के भुगतान की रसीदों को भी सुरक्षित रखना आपके हित में रहेगा।

## नौकरियों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 25% हुई




**नई दिल्लीः** सर्वे में 1,39,487 परिवार (ग्रामीणः 83,247 और शहरीः 56,240) शामिल थे। सर्वेक्षण में 6 साल और उससे अधिक आयु के 4,54,192 व्यक्तियों को शामिल किया गया है। इसमें 2,85,389 लोग ग्रामीण और 1,68,803 शहरी लोग हैं। महिलाओं की नौकरियों में हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं अब पहले से कहीं अधिक सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। लैंगिक समानता की दिशा में यह मजबूत कदम है। सरकार की ओर से जारी एक हालिया आंकड़े फिर इसकी पुष्टि कर रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, रोजगार से जुड़ी गतिविधियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 25 फीसदी पर पहुंच गई। 2019 में रोजगार और उससे संबंधित गतिविधियों में महिलाओं का हिस्सा 21.8 फीसदी था। इसके अलावा महिलाएं अब उन घरेलू कामों पर कम समय खर्च रही हैं, जिनमें किसी तरह का पैसा नहीं मिलता। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी टाइम यूज सर्वे के अनुसार, रोजगार से जुड़ी गतिविधियों में महिलाओं के साथ पुरुषों का भी हिस्सा बढ़ा है। 15 से 59 साल की आयु के लोगों में रोजगार से जुड़ी गतिविधियों में पुरुषों की भागीदारी 2019 में 70.9 फीसदी से बढ़कर 2024 में 75 फीसदी हो गई। सर्वे में 1,39,487 परिवार (ग्रामीणः 83,247 और शहरीः 56,240) शामिल थे। सर्वेक्षण में 6 साल और उससे अधिक आयु के 4,54,192 व्यक्तियों को शामिल किया गया है। इसमें 2,85,389 लोग ग्रामीण और 1,68,803 शहरी लोग हैं। लोग अपने रोज के कामकाज में समय का किस तरह इस्तेमाल करते हैं, यह जानने के लिए सर्वे किया गया है। इसका मकसद भुगतान और बिना वेतन वाली गतिविधियों में पुरुषों और महिलाओं की भागीदारी का पता लगाना है।

## अमेरिका में दिग्गज अरबपति एलन मस्क का विरोध तेज



**न्यूयॉर्कः** बोस्टन में लोगों ने टेस्ला के शोरूम के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने मस्क के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम एलन मस्क से बदला लेना चाहते हैं। न्यूयॉर्क में टेस्ला शोरूम के बाहर करीब 300 प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया। सरकारी खर्च में कटौती करने को लेकर अमेरिकी लोगों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला सीईओ एलन मस्क के प्रति काफी आक्रोश है। शनिवार को अमेरिका में लोगों ने टेस्ला के शोरूम के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने मस्क के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम एलन मस्क से बदला लेना चाहते हैं। बोस्टन में टेस्ला स्टोर के बाहर विरोध प्रदर्शन के दौरान एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हम हर जगह टेस्ला शोरूम में जाकर उसका बहिष्कार करके, बाकी सभी को बाहर निकालने, अपने स्टॉक बेचने और टेस्ला को बेचने की बात कहकर मस्क को आर्थिक नुकसान पहुंचा सकते हैं। प्रदर्शन के दौरान ब्रास बैंड ने संगीत बजाया। जबकि कई प्रदर्शनकारियों ने हाथ में बैनर लेकर नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने मस्क और डीओजीई का मजाक भी उड़ाया। इसमें लिखा था कि एलन और घृणित मस्कराट्स को रोका जाए। एक प्रदर्शनकारी और संघीय कर्मचारी ने कहा कि ट्रंप और मस्क के नेतृत्व वाली यह सरकार पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। हम इसे रोकने के लिए यहां आए हैं।

न्यूयॉर्क में टेस्ला शोरूम के बाहर करीब 300 प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया। टेस्ला शोरूम संचालकों ने बताया कि कई शहरों में शोरूम के बाहर प्रदर्शन हुए हैं। कई जगह प्रदर्शनकारियों ने कारों पर स्प्रे पेंट से एक निशान बनाकर तोड़फोड़ की। वहीं कोलोराडो टेस्ला डीलरशिप के बाहर तोड़फोड़ के मामले में एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला ने कारों पर मोलोटोव कॉकटेल फेंका था और स्प्रे पेंट से नाजी कारें शब्द लिखा था।

**मस्क के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोशः**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क को सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का जिम्मा सौंपा है। यह विभाग सरकारी खर्च में कटौती पर काम कर रहा है। इसके चलते अब तक हजारों सरकारी कर्मचारी अपनी नौकरियां गंवा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हजारों कर्मचारी या तो बर्खास्त हो चुके हैं या उन्हें खुद से इस्तीफा देने का विकल्प दिया गया है। आने वाले हफ्ते में और छंटनी की आशंका है।

## 'भारत के टैरिफ डब्लूटीओ के अनुरूप, सरकार को ये बात अमेरिका को बतानी चाहिए'

**नई दिल्लीः** ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव का कहना है कि 'भारत द्वारा जो टैरिफ लगाए जाते हैं, वे डब्ल्यूटीओ के ही अनुरूप हैं। इन्हें साल 1995 में अमेरिका सहित सभी देशों ने मंजूर किया था।' आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने रविवार को कहा कि भारत के आयात शुल्क वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप हैं और सरकार को अमेरिकी प्रशासन को यह बताना चाहिए। इसने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करना कई चुनौतियों को प्रस्तुत करता है। जीटीआरआई ने ये भी कहा है कि अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करना भारत के लिए कई चुनौतियां ला सकता है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव का कहना है कि 'भारत द्वारा जो टैरिफ लगाए जाते हैं, वे डब्ल्यूटीओ के ही अनुरूप हैं। इन्हें साल 1995 में अमेरिका सहित सभी देशों ने मंजूर किया था।' उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ को लेकर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उन्हें लेकर भारत को अमेरिका के सामने अपना पक्ष स्पष्ट करने की जरूरत है। 166 सदस्यों वाला डब्लूटीओ फोरम एकमात्र अंतरराष्ट्रीय निकाय है जो सदस्यों देशों के बीच व्यापार के नियम तय करता है। साल 1995 में जब डब्लूटीओ की स्थापना हुई थी, तब विकसित राष्ट्र, विकासशील देशों को उच्च टैरिफ देने पर सहमत हुए थे। उन्होंने कहा, 'भारत के उच्च टैरिफ के बारे में बात करते समय ट्रंप, डब्लूटीओ के नियमों को आसानी से भूल जाते हैं।' जी.टी.आर.आई. ने कहा कि अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाने की धमकी से निपटने के लिए भारत के पास सबसे अच्छे विकल्प हैं कि अमेरिका को अधिकांश औद्योगिक वस्तुओं पर शून्य टैरिफ की पेशकश करना या फिर बिना किसी प्रतिशोध के नए अमेरिकी टैरिफ को स्वीकार करना। अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते से भारत को हो सकती है परेशानी

थिंक टैंक ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते में अमेरिका भारत पर, अमेरिकी फर्मों के लिए सरकारी खरीद खोलने, कृषि सब्सिडी कम करने, पेटेंट सुरक्षा को कमजोर करने और डाटा प्रवाह पर प्रतिबंध हटाने के लिए दबाव डाल सकता है। भारत दशकों से इन मांगों का विरोध करता रहा है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई बार भारत पर उच्च टैरिफ वसूलने का आरोप लगाया है और वे भारत को टैरिफ का दुरुपयोग करने वाला देश भी कह चुके हैं। बता दें कि टैरिफ एक आयात शुल्क है, जो सरकार द्वारा विदेशी सामान पर लगाया जाता है।




## निफ्टी का मूल्यांकन अच्छा, बाजार में होगा सुधार

**मुंबईः** म्यूचुअल फंड के समूह एम्फी के कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि निफ्टी के कुछ शेयरों में गिरावट देखी जा सकती है। लेकिन निफ्टी अभी भी अच्छा मूल्यांकन दिखा रहा है। एक विकासशील देश के लिए यह मूल्यांकन उचित है। यहां कुछ सुधार हो सकता है। शेयर बाजार के हाल को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में कुछ अच्छी बिकवाली हुई। इसके बाद निफ्टी का मूल्यांकन अच्छा और उचित है। भारतीय बाजार में कुछ और सुधार होने की उम्मीद है। मुंबई में म्यूचुअल फंड के समूह एम्फी के कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि निफ्टी के कुछ शेयरों में गिरावट देखी जा सकती है। लेकिन निफ्टी अभी भी अच्छा मूल्यांकन दिखा रहा है। एक विकासशील देश के लिए यह मूल्यांकन उचित है। यहां कुछ सुधार हो सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाजार में चल रही गिरावट उन लोगों के लिए चेतावनी है, जिन्होंने छोटे निवेशकों को सही सलाह नहीं दी है।

एम्फी उन लोगों को हटाए जो ग्राहकों को सही सलाह नहीं देते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि म्यूचुअल फंड को बड़े बाजार के प्रति अपने कर्तव्य और प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटना चाहिए। उनको केवल रिटर्न पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन साल बाजार में खूब बढ़ोतरी हुई है, यहां कई शेयरों की कीमतें बाजार से मिले धन को निवेश करने की मजबूरी और कुछ छूट जाने के डर से जुड़ी थीं। सभी हितधारकों को हाल के दिनों में हुई घटनाओं के बारे में सोचना होगा। हम बाजार के कुछ हिस्सों में विकसित हो रही निवेश संस्कृति के खतरों की अनदेखी नहीं कर सकते। छोटी कंपनियों की गतिविधियों को लेकर उन्होंने हैरानी जताई कि एक ऑटो डीलर को इतना अधिक मूल्यांकन कैसे मिला? एफटीए को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एक देश के साथ मुक्त व्यापार समझौता लगभग पूरा हो चुका है। दो अन्य देश इसी तरह के समझौते के लिए संपर्क में हैं।

## मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस को ईडी ने भेजा नोटिस

**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस को फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए नोटिस भेजा है। मामला दो अनुषंगी कंपनियों के अधिग्रहण से जुड़ा है। पेटीएम ब्रांड की मालिक वन 97 कम्युनिकेशंस (ओसीएल) को प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से नोटिस भेजा गया है। कंपनी की तरफ से किए गए अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान फेमा कानून के कथित उल्लंघन के बाद यह नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि उसे अपनी अनुषंगी कंपनियों- लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए 28 फरवरी को प्रवर्तन निदेशालय से फेमा उल्लंघन नोटिस मिला है। कंपनी ने बताया, यह कंपनी द्वारा दो अनुषंगी कंपनियों लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड (एलआईपीएल) और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनआईपीएल) के साथ-साथ कुछ निदेशकों और अधिकारियों के अधिग्रहण के संबंध में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 ('फेमा') के कुछ प्रावधानों के वर्ष 2015 से 2019 के लिए कथित उल्लंघन के संबंध में है।

**वर्तमान और पूर्व निदेशकों समेत अधिकारियों को नोटिसः** सूचना में कहा गया कि यह नोटिस वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड, इसकी दो अधिग्रहीत अनुषंगी कंपनियों एलआईपीएल और एनआईपीएल, तथा कंपनी और इसकी दो अनुषंगी कंपनियों के कुछ वर्तमान और पूर्व निदेशकों और अधिकारियों को जारी किया गया है।

**दोनों कंपनियों का अधिग्रहण 2017 में हुआ थाः** पेटीएम ने कहा कि इस मामले को लागू कानूनों के अनुसार हल करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और इस मामले का पेटीएम की अपने उपभोक्ताओं और व्यापारियों को दी जाने वाली सेवाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा सभी सेवाएं हमेशा की तरह पूरी तरह चालू और सुरक्षित हैं। पेटीएम ने दोनों कंपनियों का अधिग्रहण 2017 में किया था।

## शेयर बाजार में इस हफ्ते उतार-चढ़ाव का अनुमान

**मुंबई** : शेयर बाजार में इस हफ्ते उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। डोमेस्टिक इकोनॉमिक डेटा, टैरिफ पॉलिसीज, यूएस जॉब्स डेटा, फेड चेयरमैन पॉवेल स्पीच, मैन्युफैक्चरिंग एंड सर्विसेज पीएमआई, ईसीबी इंटरेस्ट रेट डिसीजन और अपकमिंग आईपीओ पर बाजार की नजर रहेगी। ग्लोबल लेवल पर सभी की निगाहें ट्रम्प प्रशासन की टैरिफ पॉलिसीज से जुड़े मामलों पर होंगी। क्योंकि यह पिछले महीनों में भारतीय इक्विटी में गिरावट का एक प्रमुख कारण रहा है। पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने कहा था कि कनाडा और मैक्सिको से आने वाले सामानों पर 25% टैरिफ 4 मार्च से लागू होंगे। इसके अलावा ट्रम्प ने 4 मार्च से चीन से आने वाले सामानों पर एडिशनल 10% ड्यूटी लगाने का ऐलान किया है। वहीं यूरोपीय संघ से आने वाले सामानों पर 25% टैरिफ लगाने की बात कही है, जिससे ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंकाएं बढ़ गई हैं।

बाजार की नजर US के जॉब्स डेटा पर रहेगी। जिसमें फरवरी के लिए बेरोजगारी दर, नॉन-फार्म-पेरोल्स और चैलेंजर जॉब्स कट डेटा शामिल है। यह सभी डेटा अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती का फैसला करने के लिए महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। हाल ही में आए निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों ने जून में दर में कटौती की उम्मीदों को पहले ही बढ़ा दिया है। अगले सप्ताह फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल और अन्य फेड अधिकारियों के बयान सामने आएंगे। इन बयानों में आगे ब्याज दर में कटौती के अलावा ग्रोथ और जॉब्स नंबर्स को लेकर संकेत दिए जाएंगे।

## रेस्तरां में इडली बनाने में प्लास्टिक इस्तेमाल विवाद की जांच करे कर्नाटक सरकार


**कर्नाटकः** कुछ रेस्तरां में इडली बनाने की प्रक्रिया में प्लास्टिक के इस्तेमाल का विवाद तूल पकड़ता जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कर्नाटक राज्य खाद्य सुरक्षा विभाग से पूरे मामले की जांच करने को कहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने इडली पकाने की प्रक्रिया में प्लास्टिक शीट के इस्तेमाल मामले में जांच का निर्देश दिया है। प्राधिकरण के निर्देश पर कर्नाटक का राज्य खाद्य सुरक्षा विभाग पूरे मामले की जांच करेगा। एफएसएसएआई ने नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी प्रतिष्ठान के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को भी कहा है। प्राधिकरण ने भोजन तैयार करने में प्लास्टिक का उप्योग करने वाले खाद्य व्यापार संचालकों (एफबीओ) या होटलों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे एफएसएसएआई ने कहा, खाने-पीने की चीजों में प्लास्टिस के इस्तेमाल से खाद्य सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जी कमला वर्धन राव ने कहा, 'उच्च तापमान पर खराब गुणवत्ता वाले या गैर-खाद्य ग्रेड प्लास्टिक के इस्तेमाल से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं।' उन्होंने कहा, निम्न श्रेणी के प्लास्टिक उच्च तापमान के कारण बिसफेनॉल-ए (बीपीए), फथलेट्स और अन्य जहरीले रसायन छोड़ सकते हैं। इनके कारण इंसानों की सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। प्राधिकरण ने कहा है कि राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बता दें कि एफएसएसएआई देशभर में भोजन तैयार करने की प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाली सामग्री पर कड़ी नजर रखता है। स्वच्छता संबंधी मानकों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई करने के प्रावधान हैं। इडली को भाप की मदद से पकाया जाता है। परंपरा के मुताबिक स्वीकृत खाद्य ग्रेड सामग्री का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए, जिससे रासायनिक रूप से इडली सेहत के लिए खतरनाक न बने।

**इडली बनाने में पॉलिथीन शीट का इस्तेमाल, 52 होटलों पर कार्रवाई**

इससे पहले आई खबर के मुताबिक कर्नाटक के कुछ रेस्तरां में पतली पॉलिथीन शीट का इस्तेमाल कर इडली पकाने के मामले में 52 होटलों को चिह्नित किया गया है। इन सभी जगहों पर इडली बनाने के लिए पारंपरिक कपड़े की जगह पॉलिथीन शीट का इस्तेमाल किया जा रहा था। कांग्रेस सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने इनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडु राव ने कहा, होटल मालिकों को ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि प्लास्टिक शीट के इस्तेमाल से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। गर्म होने पर प्लास्टिक शीट के हॉनिकारक तत्व इडली में प्रवेश कर सकते हैं। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। राव ने आश्वस्त किया कि इस संबंध में सरकार पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्रवाई कर रही है।



# कियारा को चाहिए करीना कपूर जैसी बेटी



कियारा आडवाणी मां बनने वाली हैं। एक्ट्रेस ने 28 फरवरी को सोशल मीडिया पर इस बात का ऐलान किया था। अब उनका पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो हेल्दी और जुड़वां बच्चे की बात करते नजर आ रही हैं। ये वीडियो उनके फिल्म प्रमोशन के दौरान की है।

## लड़का और लड़की दोनों चाहिएः

फिल्म गुड न्यूज के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में जब पत्रकार फरीदून शहरयार उनसे पूछते हैं कि 'अगर आपको जुड़वां बच्चे हों तो आप कौन सा कॉम्बिनेशन पसंद करेंगी? दो लड़कियां, दो लड़के या एक लड़का और एक लड़की?' जवाब में कियारा कहती हैं- 'मैं बस दो हेल्दी बच्चे चाहती हूं, जो गॉड मुझे गिफ्ट में दे सकें।'

इंटरव्यू के दौरान करीना कपूर भी वहां मौजूद थीं। उन्होंने कियारा की छेड़ते हुए कहा कि 'और ताज आपके पास जाता है।' करीना ने मजाक में कहा कि उनका जवाब मिस यूनिवर्स के जवाब जैसा लग रहा था। फिर कियारा कहती हैं कि 'वे एक लड़का और एक लड़की को जन्म देना पसंद करेंगी।'

Publisher & Owner : Raju Chahal, Printed at New Dashmesh Printers 179, Ranjit Nagar, Jalandhar & Published at Regd. Office 301-302, First Floor, Mehak Tower near Kailash Chowk, Ludhiana 141001. Editor Rajiv Mahindru (Responsible for selection of news under the PRB Act.1867). Head Office: SCO L12-14, Surya Shopping Arcade, National Road, Ghumar Mandi, Ludhiana. Phone 0161-2938774, Email: swarnbhoomitimesnews@gmail.com